# GORAKHPUR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-07-2021

## आतंकियों के पकड़े जाने पर हाई अलर्ट पर गोरखपुर पुलिस

गोरखपुर (एसएनबी)। गत दिनों लखनऊ में आतंकियों के पकड़े जाने के वाद गोरखपुर पुलिस भी हाई अलर्ट कर दिया गया है। वर्ष 2007 में आतंकवादी गोरखपुर के गोलघर में भी सीरियल व्लास्ट कर चुके हैं। गोरखनाथ मंदिर क्षेत्र की सुरक्षा पहले से ही हाई अलर्ट है। अव रेलवे स्टेशन, वस स्टैंड के साथ ही सार्वजनिक स्थलों पर निगरानी वढ़ा दी गई है।

**पुलिस ने शुरू हुई सघन चेकिंग**

एसएसपी दिनेश कुमार पी के निर्देश पर रविवार रात से ही पूरे पूरे जिले में सघन चेकिंग की गई। सोनौली की तरफ से आने वाले वाहनों के जिले की सीमा में दाखिल होते ही तलाशी ली गई। सोमवार की दोपहर में एसपी सिटी सोनम कुमार के नेतृत्व में शहर के सभी होटल, धर्मशाला व गेस्ट हाउस में पुलिस पहुंची। रजिस्टर देखने के साथ ही वाहर से आए लोगों की जानकारी ली गई। संदेह होने पर कमरों की भी तलाशी ली गई।सोमवार शाम को भी पुलिस का चेकिंग अभियान जारी रहा।

## पशु तस्करों के खिलाफ मुकदमा

समधिया (एसएनबी)। सहजनवा थाना क्षेत्र के ग्राम चिगौना के आम के वाग में सोमवार को दोपहर वाद तस्करों द्वारा पशुओं को वध के लिए इकट्ठा कर ले जाने की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए, वंधक वनाए गए पशुओं को पकड़ कर गो शाला में भेजवा गया। मौके से चार लोगों को दवोचा लिया। गतिविधि में शामिल सभी दस लोगों पर पशु वध अधिनियम की धारा 307 तथा पशु क्रूरता अधिनियम 2/25 के तहत मुकदमा दर्ज किया है। सहजनवा की घघसरा पुलिस ने सोमवार को चिगौना आम के वाग में छापेमारी शुरु कर दिया जिसमें आठ पशु वंधक वनाए गये।

## दहेज हत्या के मुल्जिम गिरफ्तार

**चौरीचौरा (एसएनबी)।** चौरीचौरा पुलिस ने दहेज हत्या में नामजद दो अभियुक्तों को घटना के चार माह बाद आज सोमवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इन दोनों को आईपीसी की धारा 498 ए 304 बी व 3/4 डीपी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस चार माह से तलाश कर रही थी।

# मां को मिला मासूम, झूठी सूचना देने पर केस

**गोरखपुर (एसएनबी)।** रविवार को रामलीला मैदान के पास मैरिज हाल के निकट तीन महीने के बच्चे के अपहरण की झूठी सूचना देकर सनसनी फैलाने वाली मां सलमा खातून पर गोरखनाथ पुलिस ने रविवार की देर रात केस दर्ज किया है। वहीं जिस महिला के पास से यह बच्चा मिला है उसको लेकर पुलिस की जांच अभी जारी है। पुलिस का कहना है कि महिला ने बच्चे को कानूनी तरीके से गोद लेने की बात कही है उसके दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच के बाद ही किसी नतीजे पर पहुंचा जाएगा। गोरखनाथ इंस्पेक्टर रामाज्ञा सिंह ने बताया कि बच्चे को उसकी असली मां को सुपुर्द किया गया है। उधर लोगों का कहना है कि बच्चा गायब होने के बाद देर शाम पुलिस अफसरों और भारी पुलिस बल मौके पर पहुंच कर एक दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा खंगाला तो महिला ई रिक्शे पर सवार होकर जा रही हैं। इसी से पुलिस को संदेह हुआ फिर महिला टूट गयी। पुलिस रात आठ बजे बच्चा लेने वाली महिला के घर पहुंची और बच्चे को बरामद कर लिया।

रविवार को गोरखनाथ थाने के रसूलपुर चौराहे के पास बच्चा गायब होने की सनसनीखेज वारदात सामने आई थी। गोरखनाथ के रसूलपुर की रहने वाली सलमा खातून नामक महिला ने अपने तीन महीने के बच्चे के अपहरण का आरोप लगाया था। उसने कहा था कि लाल रंग की साड़ी में आई महिला उसके गोद से बच्चे को छीन कर एक चार पहिया गाड़ी से फरार हो गई है। सूचना पर एसपी सिटी सीओ और गोरखनाथ पुलिस के आलावा क्राइम ब्रांच की टीम घटना स्थल पर पहुंची तो रविवार की वजह से दुकाने बंद मिली। इस दौरान पता चला कि एक दुकान में सीसीटीवी लगा है।

**खरीदने के आरोप में घिरी महिला ने कहा गोद लिया था बच्चा**

**भारी पुलिस बल देख बच्चा लेने वाली महिला ने दी सूचना**

पुलिस दुकानदार को बुलाकर सीसी टीवी फुटेज की जांच शुरू की तो पता चला कि सलमा खातून ने महिला को अपना बच्चा दिया है और वह ई रिक्शा से गोरखनाथ थाने के पीछे की तरफ गई है। उससे पहले सलमा खातून और वह महिला काफी देर तक साथ रही और दोनों के बीच बातचीत भी होती रही। पुलिस ने सीसी टीवी कैमरे के आधार पर पुलिस महिला से कड़ाई से पूछताछ किया तो वह टूट गयी और बच्चे को लेकर जाने वाली महिला के बारे में जानकारी दी। पुलिस महिला के घर गयी तो पूरा राज खुल गया। पुलिस ने बच्चे को बरामद कर लिया जिसके बाद सामने आया कि सलमा ने अर्थिक तंगी दूर करने के लिए तीन महीने के अपने बेटे को 50 हजार में महिला को बेच दिया है। सलमा का पति कबाड़ बिनने का काम करता है और उसके चार बच्चे हैं। तीन महीने का बेटा सबसे छोटा था। पचास हजार रुपये से वह अपने पति का पांच हजार का कर्ज चुकाने के साथ ही घर की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए बच्चे को बेच दी थी। हालांकि बच्चे को खरीदने वाली महिला का कहना है कि उसके पास कोई औलाद नहीं है उसने सलमा से बच्चे को गोद लिया है। महिला ने कहा कि कानूनी तरीके से बच्चे को गोद लिया गया है।

पुलिस ने फिलहाल बच्चे को उसकी असली मां के सुपुर्द कर दिया वहीं झूठी सूचना देने के मामले में बच्चे की मां पर केस दर्ज कर लिया साथ ही बच्चे को खरीदने वाली महिला के दावों की जांच शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर गोरखनाथ रामाज्ञा सिंह ने बताया कि जिस महिला पर बच्चे को खरीदने की बात कही जा रही है उसका कहना है कि उसने कानूनी तरीके से गोद लिया है। उसके दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच में अगर वह सही नहीं पाई गई तो उसके खिलाफ भी केस दर्ज किया जाएगा।

# एनकाउंटर की पॉलिसी नहीं लेकिन आत्मरक्षा में गोली चलाएगी पुलिस

**सहारा न्यूज ब्यूरो**

**लखनऊ।**

प्रदेश के डीजीपी मुकुल गोयल ने कहा है कि प्रदेश पुलिस की एनकाउंटर की कोई पॉलिसी नहीं है, लेकिन यदि कोई पुलिस पर हमला करता है, तो कानून ने हमें आत्मरक्षा में गोली चलाने का अधिकार दिया है। मेरा मानना है कि ऐसे हालात में पुलिस को गोली अवश्य चलानी चाहिए। इसी के साथ गोयल ने कहा कि यदि कोई पुलिस अधिकारी अपनी नौकरी को दांव पर लगाकर अवैध कमाई करने के लिए हथकंडे अपनाता है, तो उसके साथ कोई भी मुरव्वत नहीं की जाएगी। ऐसे अफसरों को कानून के दायरे में लाकर दंडित किया जाएगा। फिर चाहे वह कोई आईपीएस या पीपीएस अफसर ही क्यों न हो।



**गोयल ने गिनाईं प्राथमिकताएं, भ्रष्टाचार करने वालों को नहीं बख्शेंगे**

**कहा, 99 फीसद पुलिसकर्मी समाज के लिए दिन-रात करते हैं मेहनत**

**सूबे की कानून-व्यवस्था पहले से बेहतर**

उन्होंने कहा कि बीते कुछ दिनों में कुछ आईपीएस अफसरों पर भ्रष्टाचार आदि के संगीन आरोप लगे हैं, जिससे पूरे संवर्ग की छवि पर असर पड़ा है। हालांकि, यदि किसी अफसर से सरकारी कार्य को अंजाम देने के दौरान कोई गलती होती है, तो उसके मामले में सहानुभूतिपूर्वक विचार किया जाना चाहिए।

गोयल सोमवार को पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने पुलिस बल की तारीफ करते हुए कहा कि 99 फीसद अफसर और कर्मचारी समाज के लिए दिनरात मेहनत करते हैं। कोरोना महामारी के दौरान पुलिस ने अच्छा काम किया। इससे पुलिस के प्रमोशन से जुड़े कुछ प्रकरण लंबित अवश्य हुए, लेकिन इसे जल्द ही अमलीजामा पहनाया जाएगा।

उन्होंने उन पुलिसकर्मियों के परिवारों के प्रति संवेदना भी व्यक्त की, जिनकी कोरोना की वजह से मृत्यु हो गयी। उन्होंने परिजनों को जल्द ही अनुदान देने का काम भी पूरा करने का आश्वासन दिया। गोयल ने कहा कि पुलिस को घटनाओं का सही अनावरण करना चाहिए, साथ ही अभियुक्तों के खिलाफ प्रभावी पैरवी कर उनको सजा भी करानी चाहिए। प्रदेश के बड़े माफिया के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट के तहत अब तक हुई कार्रवाई की सराहना करते हुए उन्होंने कहा कि यह मुहिम आगे भी जारी रहेगी।

डीजीपी ने चार शहरों में पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम लागू होने की तारीफ करते हुए कहा कि इससे पुलिसिंग में बड़ा बदलाव देखने को मिलेगा। उन्होंने एटीएस द्वारा लखनऊ में कथित आतंकियों की गिरफ्तारी पर कहा कि तमाम एजेंसियां देश की आंतरिक सुरक्षा को लेकर फिक्रमंद हैं और आपस में बेहतर समन्वय के साथ काम कर रही हैं। उन्होंने कहा कि सूबे की कानून-व्यवस्था पहले से बेहतर हुई है और विधानसभा चुनाव तक इसमें और अधिक सुधार देखने को मिलेगा।

**मददगार** पुलिस की मदद से वापस कर रहे खोया हुआ सामान, काफी लोगों के वापस मिले महंगे सामान

# ईमानदार पब्लिक ने चेहरों पर लौटाई मुस्कान

**ऑपरेशन मुस्कान के तहत पब्लिक की बने मददगार**

gorakhpur@inext.co.in

**GORAKHPUR (12 July):** तीन मामले यह बताने के लिए काफी हैं कि ईमानदारी जिंदा है. आम आदमी की नीयत में खोट होती तो वह रास्ते में मिले सामान को वापस लौटाने के बारे में नहीं सोचता. बात यह नहीं है कि किसी का खोया सामान लौटाए जाने से उसकी मदद हो रही. बल्कि इन गतिविधियों से लोग इंसानियत से उठते जा रहे भरोसे को लौटा रहे हैं. इसके जरिए पुलिस भी लोगों के दिलों में अपनी पैठ बना रही है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आमजन की ऐसी सूचनाओं पर पुलिस कार्रवाई करती है. लोगों को जब बताया जाता है कि उनका सामान मिल गया है तो सामने वाले के चेहरे की खुशी देखकर आत्मसंतोष मिलता है.

**11 जुलाई 2021 : टेंपो ड्राइवर ने लौटाया बैग, खुश हुई सवारी**

कैंट एरिया के गोकुलपुरम निवासी मनोज कुमार टेंपो चलाते हैं. उनकी टेंपो में एक सवारी का बैग छूट गया. उन्होंने इसकी सूचना पुलिस को दी. एयरपोर्ट पुलिस ने जब पता किया तो बैग ऑनर की पहचान बस्ती जिले के मुंडेरा बाजार निवासी वसीम के रूप में हुई. पुलिस ने वसीम से



संपर्क किया. उनको पुलिस चौकी बुलाकर सामान लौटाया गया. बैग में करीब 20 हजार रुपए नकद और 25 हजार रुपए का शादी का सामान पड़ा हुआ था. बैग पाकर वसीम ने कहा कि सभी टेंपो वाले ऐसे नहीं होते हैं.

**08 जुलाई 2021 : फल दुकानदार ने लौटाया दो लाख का आईपैड**

राजघाट एरिया के चकरा अव्वल में गिरे दो लाख रुपए के आईपैड को फल दुकानदार ने पुलिस को सौंप दिया. टीपी नगर चौकी प्रभारी अवधेश मिश्रा की सूचना पर पहुंचे आनर विनोद रुंगटा आईपैड वापस ले गए. बेतियाहाता निवासी विनोद ने बताया कि उन्होंने आईपैड मिलने की उम्मीद खो दी थी. ईमानदारी से खुश होकर उन्होंने चकरा अव्वल निवासी फल दुकानदार जोगिंदर को माला पहनाकर सम्मानित भी किया. चौकी इंचार्ज ने बताया कि ऐसे बहुत ही कम लोग होते हैं. सभी को इस दुकानदार से सीख लेनी चाहिए.

**13 जून 2021 : पुलिस ने लौटाया बैग, पाकर खुश हुए प्रदीप**

महावीर छपरा निवासी प्रदीप कुमार सिन्हा अपने रिश्तेदार लाल बहादुर के साथ नौसढ़ में रहकर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं. 11 जून की रात वह अपने कमरे में पढ़ाई कर रहे थे. तभी मौका देखकर एक संदिग्ध युवक घुस गया. वह उनका बैग लेकर फरार हो गया. बैग में प्रदीप ने अपने कपड़े, फार्म भरने के लिए सर्टिफिकेट, पैन कार्ड सहित अन्य कागजात भी रखे थे. दूसरे दिन वह सारा सामान खेत में मिला. इसकी जानकारी किसी ने नौसढ़ पुलिस चौकी पर दी. सूचना पर पुलिस ने प्रदीप को बुलाकर सामान लौटा दिया.

**क्या कर रही पुलिस**

- खोया सामान पाने की सूचना देने वालों का वेलकम किया जाता है.
- सामान लौटाने पर संबंधित लोगों संग पुलिस टीम फोटो सेशन कराती है.
- ईमानदारी की मिशाल कायम करने वाले लोगों का उत्साह बढ़ाया जाता है.
- समाज में लोगों का भरोसा एक दूसरे के प्रति बना रहा. इसलिए पुलिस प्रोत्साहित करती है.

**आप भी बन सकते हैं आपरेशन मुस्कान का हिस्सा**

पुलिस के आपरेशन मुस्कान की मुहिम का हिस्सा कोई भी बन सकता है. यदि किसी को भी किसी का कोई खोया हुआ सामान मिलता है. तो उसे असली मालिक पहुंचाने के लिए पुलिस की मदद ली जा सकती है.

# रेलवे स्टेशन एरिया में अलर्ट चलाया चेकिंग अभियान



**GORAKHPUR (12 July):** लखनऊ में आतंकियों के पकड़े जाने के बाद गोरखपुर में भी हाई अलर्ट किया गया है. रेलवे स्टेशन पर जीआरपी ने चेकिंग अभियान चलाया. शहर के भीतर होटलों और रेस्टोरेंट में भी जांच पड़ताल की गई. रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड के साथ ही पब्लिक प्लेस पर पुलिस नजर रख रही है. उधर गोरखनाथ मंदिर को हाईअलर्ट मोड में रखा गया है.

## बॉर्डर से आने वाली गाड़ियों की हुई सघन जांच

नेपाल बार्डर से शहर में आने वाली गाड़ियों की जांच कराई गई. रविवार की रात से ही पूरे जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया. सोमवार की दोपहर शहर के सभी होटल, धर्मशाला और गेस्ट हाउस में पुलिस पहुंची. बाहर से आए लोगों का रजिस्टर भी देखा गया. उनसे बातचीत करके पुलिस ने जानकारी ली. सोमवार को भी यह क्रम जारी रहा. लखनऊ में आतंकी पकड़े जाने पर जीआरपी अलर्ट मोड में रही. जीआरपी गोरखपुर ने रेलवे स्टेशन पर सघन चेकिंग अभियान चलाया. जीआरपी थाना प्रभारी उपेंद्र कुमार की अगुवाई में रविवार की रात भी चेकिंग कराई गई. सोमवार को भी दिन में जंक्शन पर जीआरपी की गतिविधियां बनी रहीं. एसएचओ ने बताया कि संदिग्ध वस्तुओं की जांच पड़ताल की जा रही है. लोगों से पूछताछ भी की जा रही है.

> **गतिविधियों को देखते हुए पुलिस को अलर्ट किया गया है. संदिग्धों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं.**
>
> **अखिल कुमार,** एडीजी जोन

# विवाहिता से दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

**बांसगांव।** क्षेत्र के ग्राम चतुर बन्दुआरी में बीते दिनों विवाहिता के साथ हुए सामूहिक दुष्कर्म में आरोपित एक अन्य अभियुक्त को पच्चीस दिनों के प्रयास के बाद सोमवार को मुखबिर की सूचना पर बढ़नी तिराहे से पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। बांसगांव इंस्पेक्टर राणा देवेन्द्र सिंह ने बताया कि 22 वर्षीय उदयभान यादव को पुलिस लम्बे समय से तलाश रही थी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार करने वाली टीम में उनके अलावा राजीव सिंह, मनीष सिंह, रीमा यादव और अर्चना सिंह मौजूद रहीं। यहां बता दें कि इलाके में विवाहिता की हत्या में उसके पति ने सामूहिक दुष्कर्म के आरोपितों की प्रताड़ना ने खुदकुशी का आरोप लगाते हुए पुलिस को गुमराह किया था।

# मुठभेड़ में चार तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार, नौ पशु बरामद

**घघसरा।** सहजनवा के रिठुआखोर के पास रविवार देर रात मुठभेड़ में पुलिस ने चार पशु तस्कर को गिरफ्तार कर नौ गोवंशियों को बरामद किया। इस बीच छह तस्कर भागने में सफल रहे। पुलिस ने उनके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया । पशु तस्करों के खिलाफ केस दर्ज कर कार्रवाई कर रही है।

थानेदार राजप्रकाश सिंह व चौकी प्रभारी रामानुज सिंह यादव अपने हमारीयो के साथ रविवार देर रात गस्त पर थे। इस बीच सूचना मिली कि चिगौना बाग में चार पशु तस्कर आठ गाय एक बछड़े को तस्करी करने के लिए लेकर जा रहे है। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो तस्कर फायर कर भागने लगे। पुलिस ने घेराबंदी कर चार पशु तस्करों को दबोच लिया जबकि छह तस्कर भागने में सफल रहे। पशुओं को कान्हा उपवन गौशाला भेजा गया। पशु तस्करों की पहचान चिगौना गांव निवासी कालीचरन, महराबारी निवासी सितारे अहमद सेख, अवधेश यादव व अनिल प्रजापति के रूप में हुई।

## ऑटो में महिला को पर्स मिला, पुलिस को सौंपा

**पीपीगंज।** पीपीगंज में ऑटो में रुपयों से भरा पर्स महिला को महिला। महिला ने इमानदारी की मिसाल पेश करते हुए पर्स को पुलिस को सौंप दिया।

उधर, पुलिस पर्स के मालिक की तलाश में जुटी हुई है। मिली जानकारी के अनुसार संतकबीर नगर की महिला संन्जू गुप्ता सोमवार को सुबह तकरीबन 10 बजे गोरखपुर से ऑटो में बैठकर पीपीगंज आ रही थी। वह पर्स लेकर पास में पुलिस बूथ पर पहुंची। पुलिस ने जांच किया तो पर्स में 34 हजार रुपया था।

# सोनबरसा पुलिस को लावारिस मिली पिकअप

**जांच**

सोनबरसा/चौरीचौरा | **हिसं**

चौरीचौरा क्षेत्र के सोनबरसा बाजार में रविवार की देर रात पिपराइच रोड पर गश्त के दौरान सोनबरसा पुलिस को लावारिस हालत में खड़ी एक पिकअप मिली। पुलिस ने पिकअप को कब्जे में लेकर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के मुताबिक पिकअप पर आगे और पीछे नम्बर प्लेट नहीं है। चौकी प्रभारी मदन मोहन मिश्र अपने हमराहियों के साथ रविवार की रात में क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी सोनबरसा बाजार में पिपराइच रोड पर बिना नम्बर की पिकअप खड़ी दिखी। पुलिस ने संदिग्ध मानकर कब्जे में ले लिया। गाड़ी के चालक व स्वामी का कुछ पता नहीं चला है।

सरदारनगर मार्ग पर देर रात एक पिकअप पर चली थी गोली !

चौरीचौरा क्षेत्र के फुटहवाइनार से सोनबरसा बाजार की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार की पिकअप का पीछा कर स्कोर्पियो सवार ने रात करीब 10 बजे अयोध्याचक गांव के पास गोली चलाई गई थी। लेकिन गोली लगी नहीं और पिकअप तेज रफ्तार से आगे निकल गई। ग्रामीणों को गोली चलने की आवाज सुनाई दी थी। अब पुलिस इस बात की जांच करने में जुटी है कि कहीं यह वही पिकअप तो नहीं है।

# दहेज हत्या के आरोपी देवर व ससुर को पुलिस ने दबोचा

चौरीचौरा | हिन्दुस्तान संवाद

चौरीचौरा। चौरीचौरा पुलिस ने साढ़े तीन माह बाद दहेज हत्या के दो आरोपियों को सोमवार की शाम को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसे कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

मिली जानकारी के अनुसारे 24 मार्च 2021 को विवाहिता सुमन (26) पत्नी हंसराज मौर्या का शव पंखे के कुंडी मे लटका मिला था। स्थानीय पुलिस ने विवाहिता के पिता के तहरीर पर पति हंसराज मौर्या, सास उर्मिला देवी, देवर संदीप व ससुर राम प्रकाश के खिलाफ दहेज हत्या का मुकदमा दर्ज किया था।

हालांकि घटना के करीब साढे.तीन माह बाद चौरीचौरा पुलिस ने दहेज हत्या के आरोपी ससुर रामप्रकाश व देवर संदीप को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। पति और सास अभी फरार है।

# छेड़खानी व पॉक्सो एक्ट का वांछित गिरफ्तार

**कैम्पियरगंज।** क्षेत्र के एक गांव की नाबालिग युवती से छेड़खानी के आरोपित युवक को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उसको कोर्ट में पेश किया, जहां से जेल भेज दिया गया। मिली जानकारी के अनुसार क्षेत्र के एक गांव की किशोरी से नवापार मोहम्मदपुर निवासी सुदर्शन पुत्र रामनेवास छेड़खानी करने के साथ जानमाल की धमकी दे रहा था।

# लुटेरों पर शिकंजा कसेगा मोटरसाइकिल दस्ता

**जागरण संवाददाता, गोरखपुर :** शहर में महिलाओं से लूट करने वाले बदमाशों पर शिकंजा कसने के लिए थाना स्तर पर मोटरसाइकिल दस्ता गठित किया जाएगा। दस्ते में तैनात दारोगा व सिपाही इलाके के भीड़भाड़ वाले इलाके में दिनभर भ्रमणशील रहेंगे। संदिग्ध व्यक्ति के दिखने पर तलाशी लेने के साथ ही उसकी बाइक के कागजात चेक करेंगे। पिछले 15 दिन के भीतर शहर में बाइक सवार बदमाशों ने लूट की आठ वारदात कर सनसनी फैला दी है। कई जगह सीसी कैमरे में करतूत होने के बाद भी स्थानीय पुलिस व क्राइम ब्रांच की टीम बदमाशों को पकड़ नहीं पाई है।

**सजगता**

- दारोगा व सिपाही दिन भर अपने क्षेत्र के बाजार में भ्रमणशील रहेंगे
- एसपी सिटी ने तैयार की कार्य योजना, हर थाने पर बनेगी टीम

पुलिस की चौकसी के बाद भी बाइक सवार बदमाश महिलाओं को निशाना बना रहे हैं। सुबह और शाम हाक दस्ते की ड्यूटी लगाए जाने के बाद भी चेन, मोबाइल व सामान छीनने की घटनाएं नहीं रुक रही हैं। इस पर लगाम लगाने के लिए शहर क्षेत्र के हर थाने पर मोटरसाइकिल दस्ता बनाया जाएगा, जिस पर दारोगा व सिपाही की ड्यूटी लगेगी। यह दस्ता चिन्हित किए गए हाट स्पाट (वारदात होने वाले स्थान) के आसपास दिन भर भ्रमणशील रहेगा। किसी भी संदिग्ध बाइक सवार के दिखने पर एम परिवहन एप से पहले गाड़ी की डिटेल चेक करेंगे। कोई भी गड़बड़ी मिलने पर संबंधित व्यक्ति की तलाशी लेंगे। सीओ व थानेदार इस दस्ते की निगरानी करेंगे। एसपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि शहर क्षेत्र के हर थाने में एक मोटरसाइकिल दस्ता बनेगा, जो लुटेरे और वाहन चोर की निगरानी करेगा।

**यह और अन्य खबरें देखें**
https://www.jagran.com/local/uttar-pradesh_gorakhpur-city-news-hindi.html

## आरोपित की अग्रिम जमानत अर्जी खारिज

**जासं, गोरखपुर :** कूटरचित दस्तावेज के आधार पर ट्रस्ट हड़पने के आरोपित राजेश कुमार रैना की अग्रिम जमानत अर्जी अपर सत्र न्यायाधीश विनय आर्या ने खारिज कर दी है। अभियोजन का पक्ष रखते हुए अपर जिला शासकीय अधिवक्ता नरेंद्र शुक्ल और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता धर्मेंद्र कुमार मिश्र ने बताया कि गोरखनाथ थाना क्षेत्र के हनुमत व्यायामशाला के शास्त्रीपुरम कालोनी निवासी वादी कृष्ण मोहन प्रसाद ने 17 अप्रैल 2006 को पूजा एजुकेशनल एंड सोशल डेवलपमेंट के नाम से ट्रस्ट का गठन किया था। कृष्ण मोहन ट्रस्ट के अध्यक्ष बनाए गए। उसकी पत्नी कौशल्या व पुत्र राजेश कुमार रैना, राकेश कुमार  रैना तथा योगेश कुमार रैना ट्रस्ट में न्यासी के रूप में शामिल किए गए। ट्रस्ट से संचालित पूजा कालेज आफ फार्मेसी का संचालन राजेश कुमार रैना करते थे। 14 अक्टूबर 2011 को कृष्ण कुमार ने ट्रस्ट के नियमों में बदलाव करते हुए सभी न्यासियों को आजीवन सदस्य बना दिया। 8 मार्च 2021 को आरोपित ने पिता कृष्ण कुमार तथा दोनों भाइयों का कूटरचित हस्ताक्षर बनाकर ट्रस्ट से उनका त्यागपत्र दर्शाते हुए दूसरे न्यासमंडल का गठन कर लिया। ट्रस्ट के रुपये भी हड़प लिए थे।

# मुकदमों के निस्तारण में गोरखपुर अव्वल

**जासं., गोरखपुर :** राष्ट्रीय लोक अदालत में सर्वाधिक मुकदमों का निस्तारण करने के लिए गोरखपुर को प्रदेश में प्रथम स्थान मिला है।

इस उपलब्धि पर दीवानी न्यायालय परिसर में जनपद न्यायाधीश दुर्ग नरायन सिंह की अध्यक्षता में सोमवार को सम्मान समारोह आयोजित किया गया। इसमें न्यायिक अधिकारियों के साथ ही राजस्व, पुलिस व आरटीओ विभाग के अधिकारियों को सम्मानित किया गया।



मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्योत्सना यादव को सम्मानित करते जनपद न्यायाधीश दुर्ग नरायन सिंह ● जागरण

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव देवेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि सम्मान समारोह में जिलाधिकारी के. विजयेंद्र पाण्डियन भी मौजूद रहे। इस दौरान कई प्रशासनिक अधिकारी, एसपी सिटी व एसपी ट्रैफिक को भी सम्मानित किया गया। समारोह में स्थायी लोक अदालत, वाणिज्यिक न्यायालय, भूमि अर्जन, मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण के पीठासीन अधिकारी सहित बार एसोसिएशन के अध्यक्ष एवं मंत्री भी उपस्थित रहे।

# मुठभेड़ में पकड़े गए चार पशु तस्कर

**जागरण संवाददाता, पाली :** सहजनवां थाना पुलिस ने रविवार रात मुठभेड़ के दौरान चार पशु तस्करों को गिरफ्तार किया है। नौ गोवंशी मुक्त कराए गए। इस दौरान छह पशु तस्कर पुलिस को चकमा देकर भाग निकले। पशु तस्करों के पास से पुलिस ने एक असलहा, दो कारतूस व साढ़े तीन सौ रुपये बरामद किए हैं। पुलिस के मुताबिक पशु तस्कर गोवंशियों को बिहार भेजने की तैयारी में थे।

सहजनवां थाना प्रभारी राज प्रकाश सिंह घघसरा मोड़ पर हमराहियों के साथ गश्त पर थे। इस दौरान सूचना मिली कि चिगौना बाग में पशु तस्कर गोवंशियों के साथ मौजूद हैं। थानाध्यक्ष ने मौके पर दबिश दी। पुलिस टीम को देखकर पशु तस्कर झाड़ियों में छिप गए और फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने घेराबंदी करके चार आरोपितों को पकड़ लिया। इस दौरान छह तस्कर पुलिस को चकमा देकर भाग निकले। पशु तस्करों के कब्जे से पुलिस ने नौ गोवंशी बरामद किए। उनके पास से एक असलहा व दो कारतूस बरामद हुआ। गिरफ्तार आरोपितों में सितारे आलम शेख उर्फ खुर्शीद, अनिल प्रजापति अवधेश यादव निवासी महराबारी, काली चरन सिंह निवासी चिगौना थाना सहजनवां शामिल हैं। थानाध्यक्ष राज प्रकाश सिंह ने बताया कि वांछित आरोपितों में सहजनवां के मोहम्मदपुर निवासी बबुन्ने, पिपराइच के छोटकी रेतवहिया निवासी जितेंद्र, सिकंदर, सत्येंद्र, मन्नू व रामगढ़ताल के कठउर निवासी रामलखन शामिल हैं। पुलिस अधीक्षक उत्तरी मनोज कुमार अवस्थी का कहना है कि गोवंशियों को कान्हा उपवन भेज दिया गया है। फरार आरोपितों की तलाश की जा रही है।

## चौकी प्रभारी ने तीन पर दर्ज कराया केस

**जासं., भटहट :** चौकी प्रभारी भटहट वीरेंद्र बहादुर सिंह ने बड़हरिया गांव के रहने वाले तीन लोगों के खिलाफ गोवध अधिनियम के तहत केस दर्ज कराया है। चौकी प्रभारी रविवार शाम वाहन चेकिंग कर रहे थे, जिसमें बाइक सवार एक व्यक्ति के पास बोरे में मांस मिला। पुलिस ने बड़हरिया निवासी सुनील उर्फ आजम कुरैशी के घर छापा डालकर पशुओं के अवशेष बरामद किए। सोमवार सुबह चौकी प्रभारी वीरेंद्र बहादुर सिंह ने गुलरिहा थाने में सुनील उर्फ आजम कुरैशी , महमूद कुरैशी और अख्तर कुरैशी के खिलाफ मुकदमा कराया। पशुओं के अवशेष को जांच को विधि विज्ञान प्रयोगशाला भेजा गया है।

## पुलिस ने मां को सौंपा बच्चा झूठी सूचना देने का केस

**गोरखपुर :** तीन माह के बच्चे को बेचने के बाद अपहरण की झूठी सूचना देने वाली सलमा खातून पर गोरखनाथ पुलिस ने केस दर्ज किया है। रसूलपुर मोहल्ले की जिस महिला के पास से बच्चा मिला है, उसकी भूमिका की जांच चल रही है। बरामद बच्चे को पुलिस ने उसकी मां को सुपुर्द कर दिया है। सीओ गोरखनाथ रत्नेश सिंह ने बताया कि मोती बाग की रहने वाली सलमा खातून ने रविवार को थाने में बच्चे के अपहरण की सूचना दी थी। पुलिस ने एक घंटे में बच्चे को रसूलपुर की एक महिला के घर से बरामद कर लिया।

# प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों पर पुलिस ने भांजीं लाठियां, हिरासत में लिया

## डीजल-पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी का कर रहे थे विरोध, देर शाम निजी मुचलके पर छोड़ा





धरने पर बैठे कांग्रेसियों और पुलिस के बीच तीखी नोकझोंक हुई। नतीजा पुलिस ने लाठियां भांजीं और कई कांग्रेसियों को दबोच लिया। - संवाद न्यूज़ एजेंसी

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** डीजल-पेट्रोल की कीमतों में बढ़ोतरी के खिलाफ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों से नोकझोंक के बाद सोमवार को पुलिस ने लाठियां भांजते हुए, कई कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया। इनको पुलिस लाइंस ले जाया गया, जहां से देर शाम निजी मुचलके पर छोड़ दिया गया। भगदड़ और लाठी की चपेट में आने से कुछ कांग्रेसी चोटिल भी हो गए।

राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा एवं प्रदेश अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू के निर्देश पर जिला एवं महानगर कांग्रेस के अलावा युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, एनएसयूआई के पदाधिकारी और कार्यकर्ता चेतना तिराहे पर इंदिरा गांधी की प्रतिमा के पास इकट्ठे हुए। वे तांगा, दोपहिया वाहनों को ढकेलते हुए विरोध प्रदर्शन कर रहे थे। नारे लगाते हुए जैसे ही वे आगे बढ़े, पुलिस ने उन्हें रोक दिया। इससे नाराज कांग्रेसी वहीं धरने पर बैठ गए। इस दौरान पुलिस एवं कांग्रेसियों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। नतीजा पुलिस ने लाठियां भांजी और कई कांग्रेसियों को दबोच लिया।

प्रदर्शन का नेतृत्व संयुक्त रूप से जिलाध्यक्ष निर्मला पासवान एवं महानगर अध्यक्ष आशुतोष तिवारी ने किया। इस दौरान सोनिया शुक्ला, रोहन पांडेय, नवीन सिन्हा, अमरजीत यादव, दिनेश चंद्र श्रीवास्तव, प्रेमलता चतुर्वेदी, जितेंद्र विश्वकर्मा, दिलीप कुमार निषाद, अभिजीत पाठक, सबीहा सब्जपोश, आदिअंश गांधी, सरवन पांडेय, आदित्य शुक्ला, तौकीर आलम, प्रभात चतुर्वेदी, प्रवीण पासवान, अंशुमान पाठक, संजय सिंह, जयप्रकाश यादव, विजयानंद तिवारी, जावेदजमा अंसारी, राशिद कलीम अंसारी, प्रभात पांडेय, संजय चौबे, अनुराग पांडेय, बृजनरायण शर्मा, तेजनरायण श्रीवास्तव, मोनिका पांडेय, गब्बूलाल प्रजापति, इरफत, सुहेल अंसारी, मोहम्मद सलीम, निर्मला वर्मा, राजेश निषाद, अजीत राव, अंकित तिवारी, मुस्तफा अंसारी, चन्द्रेश कुमार सिंह, विक्रमादित्य, जयप्रकाश यादव, हरिश्चंद्र अग्रहरि, रघु ओझा, जयप्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।



### बिदका बैल, भगदड़

**गोरखपुर।** गोलघर में बैलगाड़ी के साथ प्रदर्शन कर रहे कांग्रेसियों और पुलिसकर्मियों में बैल के बिदकने से भगदड़ मच गई। कांग्रेसी जो बैलगाड़ी लेकर गोलघर आए थे, उसका बैल अचानक कूदकर भागने लगा।
गोलघर से भागते हुए बैल नगर निगम परिसर में घुस गया। यहां भी काफी देर अफरातफरी रही।

# पुलिस ने बढ़ाई सतर्कता, चलाया चेकिंग अभियान

**गोरखपुर।** लखनऊ में आतंकी पकड़े जाने के बाद सोमवार को जिले में सतर्कता बढ़ा दी गई है। एसएसपी के आदेश पर सोमवार को गोरखनाथ मंदिर सहित अन्य जगहों पर सतर्कता बरतते हुए चेकिंग की गई है। वहीं होटल, ढाबों में जाकर पुलिस ने रुके लोगों के पहचान पत्र की भी जांच की है।

जानकारी के मुताबिक, पुलिस सोमवार की सुबह से ही होटल, ढाबों और सार्वजनिक जगहों पर चेकिंग कर रही है। गोरखपुर में 2007 में आतंकी हमला होने की वजह से इसे संवेदनशील माना जाता है। इसके साथ ही यहां से नेपाल की सीमा भी करीब पड़ती है। पुलिस वालों को एसएसपी ने निर्देश दिया है कि वह इलाके में चेकिंग अभियान चलाते रहें और बाहर से आने जाने वालों पर नजर रखें।

**किराएदारों का नहीं होता सत्यापन:** पहले भी आतंकी पकड़े जाने के बाद किराएदारों का सत्यापन न किए जाने का मामला सामने आता रहा है, लेकिन इसके बाद भी गोरखपुर में इसे लेकर सतर्कता नहीं बरती जाती है। जबकि अभी कुछ समय पहले ही रोहिंग्या की तलाश के लिए गोरखपुर जोन के एडीजी ने भी किरायदारों के सत्यापन का निर्देश जारी किया था लेकिन पुलिस इसे गंभीरता से नहीं लेती है। ब्यूरो

# अपहरण की झूठी सूचना देने वाली मां पर केस दर्ज

अमर उजाला ब्यूरो

**गोरखपुर।** गोरखनाथ इलाके से तीन महीने के बच्चे के अपहरण की झूठी सूचना देने वाली मां सलमा खातून पर पुलिस ने केस दर्ज कर लिया है। वहीं पुलिस ने बच्चे को उसके सुपुर्द कर दिया है। उधर, बच्चे को खरीदने के आरोप में फंसी महिला ने कानूनी तरीके से गोद लेने की बात कही है। पुलिस उसके दस्तावेजों की जांच कर रही है।

जानकारी के मुताबिक, गोरखनाथ इलाके की रसूलपुर निवासी सलमा खातून ने तीन महीने के बच्चे के अपहरण की सूचना पुलिस को दी थी। उसने कहा था कि लाल रंग की साड़ी में आई महिला गोद से बच्चे को छीन कर चार पहिया गाड़ी से फरार हो गई है। गोरखनाथ पुलिस ने इलाके के सीसीटीवी फुटेज की जांच की तो पता चला कि सलमा खातून ने महिला को अपना बच्चा दिया है और वह ई रिक्शा से गोरखनाथ थाने के पीछे की तरफ गई है। इससे पहले सलमा खातून और वह महिला काफी देर तक साथ रहीं और दोनों के बीच बातचीत भी होती रही। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उस महिला को पकड़ लिया, जिसके पास बच्चा था। पुलिस की पूछताछ में पता चला कि

## 50 हजार में बच्चे खरीदने के आरोप में घिरी महिला ने कहा गोद लिया

सलमा ने आर्थिक तंगी दूर करने के लिए तीन महीने के बेटे को 50 हजार में महिला को बेचा था। सलमा का पति कबाड़ बिनता है और उसके चार बच्चे हैं। तीन महीने का बेटा सबसे छोटा है। पचास हजार रुपये से पति का पांच हजार का कर्ज चुकाने के साथ ही घर की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए उसने ऐसा कदम उठाया।

वहीं बच्चे को खरीदने वाली महिला का कहना है कि उसके पास कोई औलाद नहीं है, उसने सलमा से बच्चे को गोद लिया है। महिला ने कहा कि कानूनी तरीके से बच्चे को गोद लिया गया है। पुलिस ने फिलहाल बच्चे को उसकी असली मां के हवाले कर दिया है और झूठी सूचना देने के मामले में बच्चे की मां पर केस दर्ज कर लिया है। बच्चे को खरीदने वाली महिला के दावों की जांच शुरू कर दी है। गोरखनाथ के इंस्पेक्टर रामाज्ञा सिंह ने बताया कि बच्चे को खरीदने वाली महिला का कहना है कि उसने कानूनी तरीके से गोद लिया है। उसके दस्तावेजों की जांच की जा रही है। जांच में जो बात सामने आएगी उसके अनुसार कार्रवाई होगी।

# DEORIYA POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-07-2021

हिन्दुस्तान दि. 13/7/21

# रीफ्रेशर कोर्स करने वालों को एसपी ने दिया प्रमाण पत्र

**प्रशिक्षण**

**देवरिया | निज संवाददाता**

जिले में तैनात 112 के 25 पुलिस कर्मियों का 18 दिनों के रीफ्रेशर कोर्स के उपरांत सोमवार को एसपी डॉ.श्रीपति मिश्र ने पुलिस लाइन के सभागार में उन्हें प्रमाण पत्र सौंपा। सभी पुलिस कर्मियों को सूचना पर तत्काल मौके पर पहुंच कर पीड़ित की सहायता करने का निर्देश दिया। पुलिस लाइन में 22 जून से 12 जुलाई तक प्रशिक्षण हुआ।



सोमवार को पुलिस लाइन के सभागार में डायल 112 के रीफ्रेशर कोर्स के समापन पर प्रमाण पत्र सौंपते हुए एसपी डॉ.श्रीपति मिश्र ।

जिले के डायल 112 के आए 25 पुलिस कर्मियों को ड्यूटी और कार्य के बारे में 18 दिवसीय रीफ्रेशर प्रशिक्षण 22 जून से 12 जुलाई तक दिया गया। प्रशिक्षण में यूपी-112 में प्रयुक्त विभिन्न तकनीकों का परिचय, मानव मूल्य, एसओएस, संचार तथा बातचीत कौशल, विवाद प्रबंधन हेतु तार्किक एवं विश्लेषणात्मक दृष्टिकोण, एमडीटी की कार्यप्रणाली,जीआईएस तथा पीओआईर, घटना के प्रकार, एटीआर तथा डिस्पोजिशन कोड, तनाव अभिप्रेरणा, स्वास्थ्य एवं जीवन की प्रबंधन शैली,आपदा प्रबंधन, एचआरएमएस, यातायात के नियम तथा प्रबंधन, अग्नि संबंधी मामले, महिला संबंधी मामले आदि विषयों पर विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के उपरांत पुलिस लाइन के मनोरंजन गृह में पुलिस अधीक्षक डॉ.श्रीपति मिश्र और अपर पुलिस अधीक्षक राजेश सोनकर व सीओ सिटी श्रीयश त्रिपाठी ने पुलिस कर्मियों को प्रमाण पत्र वितरण किया। एसपी ने कहा कि ने कहा कि प्रशिक्षण के दौरान बताई गई बातों पर आप सभी को आने वाले दिनों में अमल करना होगा। इसके साथ ही ड्यूटी के दौरान पुलिस कर्मीयों को अनुशासनात्मक तरीके से कार्यप्रणाली तथा व्यवहारिक ज्ञान के बारे में जानकारी दिया।

इसके बाद एसपी ने पुलिस कर्मियों के साथ भोजन भी ग्रहण किया। इस मौके परमहिन्द्रा कंपनी (एमएसडीएल) के डिस्ट्रिक्ट कॉर्डिनेटर चंद्रकेश्वर आनन्द, प्रभारी यूपी-112 के जस प्रकाया यादव, आरआई प्रकाश चन्द्र पाण्डेय, जिला प्रशिक्षण इकाई प्रभारी दरोगा राहुल सिंह समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

हिन्दुस्तान दि. 13/7/21

# रेलवे टिकट की दलाली करने वाला दबोचा

**भटनी | हिन्दुस्तान संवाद**

भटनी सीआईबी तथा कप्तानगंत आरपीएफ की संयुक्त छापेमारी में कसया के एक दुकानदार को प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर से टिकट बनाकर दलाली करने के आरोप में गिरफ्तार किया। आरोपी दुकानदार के खिलाफ केस दर्ज कर आरपीएफ ने उसका चालान कर दिया। आरोपी युवक तत्काल तथा सामान्य टिकट बुक कर अधिक मूल्य पर बेचता था।

भटनी सीआईबी प्रभारी अरविन्द कुमार यादव तथा दिलीप कुमार सिंह अपनी टीम के साथ कप्तानगंज पहुंचे। जहां कप्तानगंज आरपीएफ प्रभारी सत्येन्द्र कुमार के साथ कसयां के बहोरपुर शाखोपुर बाजार स्थित पुनीत ट्रवैल्स पर पहुंचकर एक टिकट बनवाने की डील की। इसमें दुकानदार पुनीत श्रीवास्तव एक हजार रुपये तक अतिरिक्त लेकर टिकट देने को राजी हो गया। दुकानदार के राजी होते ही टीम के अन्य सदस्य दुकान पर पहुंच गए। जहां जांच में दुकानदार के कम्प्यूटर में एनजीईटी नामक प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर बरामद हुआ। इसके जरिए दुकानदार तत्काल टिकट कम समय में बुक करता था। उसके आईआरसीटीसी के व्यक्तिगत आईडी से 36 टिकट बनाने की पुष्टि हुई। इसकी कीमत करीब 55 हजार 785 रुपए थी। आरोपी ने बताया कि लोगों से प्रति टिकट सौ रुपए से हजार रुपए तक अतिरिक्त लेकर वह टिकट की कालाबाजारी करता है। पुलिस ने उसके पास से एक कम्प्यूटर, प्रिन्टर, मोबाइल आदि बरामद किया।

**शिकंजा**

- भटनी सीआईबी और कप्तानगंज आरपीएफ ने की संयुक्त कार्रवाई
- कसयां के बहोरापुर शाखोपुर में पुनीत ट्रवैल्स पर हुई छापेमारी
- प्रतिबंधित सॉफ्टवेयर से करता था लाखों का काला कारोबार



भटहट सीआईबी तथा कप्तानगंज आरपीएफ की गिरफ्त में टिकट दलाल। • हिन्दुस्तान

आरोपी के खिलाफ आरपीएफ कप्तानगंज ने केस दर्ज कर उसका चालान कर दिया।

सीआईबी प्रभारी अरविन्द कुमार ने बताया कि टिकट की कालाबाजारी को लेकर सूचनाएं अधिक मिल रही हैं। टीम लगातार छापेमारी कर ऐसे गिरोह का पर्दाफाश करने में जुटी है। सीआईबी टीम आरपीएफ के साथ मिलकर ऐसे अभियान चलाती रहेगी।

हिन्दुस्तान दि॰ 13/7/21

## जिपं अध्यक्ष के चुनाव में पराजय के बाद सपा में घमासान

# जिपं अध्यक्ष प्रत्याशी के पति सहित पांच पर केस

भटनी(देवरिया) | हिन्दुस्तान टीम

देवरिया में समाजवादी पार्टी की महिला जिलापंचायत सदस्य की तहरीर पर भटनी पुलिस ने सपा की जिलापंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी रही शैलजा यादव के पति अजय यादव सहित पांच के खिलाफ केस दर्ज किया है। पुलिस ने सभी आरोपियों पर आईटी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। महिला जिला पंचायत सदस्य का आरोप है कि पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में मतदान न करने का झूठा आरोप लगाकर आरापियों की ओर से फेसबुक पर लगातार अभ्रद टिप्पणी की जा रही है।

जिलापंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में पराजय के बाद समाजवादी पार्टी में आरोप - प्रत्यारोप का दौर शुरु हो गया है। जिले की वार्ड संख्या 41 सलेमपुर-भाटपाररानी आंशिक से समाजवादी पार्टी के टिकट पर जिला पंचायत सदस्य चुनी गई भटनी क्षेत्र के मड़पहीं की रहने वाली ममता यादव पत्नी अजय कुमार यादव पर भी सपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान न करने को लेकर कुछ लोगों ने सोशल मीडिया पर अभद्र टिप्पणी की है। जिला पंचायत सदस्य को इसकी सूचना मिली तो उन्होंने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र सौंपा। जिसमें उन्होंने लिखा है कि जिला पंचायत अध्यक्ष के लिए सपा की ओर से चुनाव मैदान में उतरी शैलजा यादव के पति अजय कुमार यादव तथा उनके कुछ साथी तीन जुलाई से लगातार फेसबुक पर उनके खिलाफ अपमानजनक पोस्ट कर रहे हैं। इस मामले में पुलिस अधीक्षक डॉ. श्रीपति मिश्र ने भटनी पुलिस को कार्रवाई करने का निर्देश दिया। भटनी पुलिस ने पथरदेवा के पकहां निवासी आरोपी अजय कुमार यादव, सुनील यादव उर्फ पिन्टू यादव पुत्र गोरख यादव, निवासी महुआबारी, बघौचघाट, राजन शर्मा निवासी पकहां, बेलहां निवासी बली बादशाह, इमामुल हक शेख के खिलाफ 67आईटी एक्ट तथा 120 बी के तहत केस दर्ज किया है। विदित हो कि सपा की ओर से चुनाव मैदान में उतरी शैलजा यादव सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामइकबाल यादव की बहू हैं। चुनाव में उन्हें भाजपा के गिरीश चंद तिवारी से हार का सामना करना पड़ा था।

### कार्रवाई

- सपा की महिला जिला पंचायत सदस्य ने लगाया अभ्रद टिप्पणी का आरोप
- पार्टी के प्रत्याशी को वोट नहीं देने का आरोप लगाते हुए की गई टिप्पणी

महिला जिला पंचायत सदस्य की तहरीर के आधार पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर आरोपियों के खिलाफ आईटी एक्ट में केस दर्ज किया है। मामले की विवेचना की जा रही है।

**श्याम सुन्दर तिवारी**, थानेदार, भटनी

दैनिक जागरण 13/7/21

# सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष के पुत्र समेत पांच पर केस

जासं, देवरिया : सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामइकबाल यादव के पुत्र व जिला पंचायत अध्यक्ष पद के चुनाव में सपा प्रत्याशी रहीं शैलजा यादव के पति अजय यादव समेत पांच लोगों के खिलाफ भटनी पुलिस ने इंटरनेट मीडिया पर अभद्र टिप्पणी करने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया है। यह कार्रवाई पुलिस ने सपा से जिला पंचायत सदस्य की तहरीर पर की है। मुकदमा दर्ज करने के बाद पुलिस जांच में जुट गई है।

भटनी थाना क्षेत्र के ग्राम मड़पही की रहने वाली ममता यादव सपा से जिला पंचायत सदस्य हैं। उन्होंने पुलिस अधीक्षक डा.श्रीपति मिश्र से शिकायत की थी कि तीन जुलाई को जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ। सपा से शैलजा यादव पत्नी अजय यादव ने भी चुनाव लड़ा। हारने के बाद शैलजा के पति अजय यादव मुझ पर भाजपा के पक्ष में वोट देने का आरोप लगाते हुए लगातार इंटरनेट मीडिया पर अपने साथियों के साथ टिप्पणी कर रहे हैं। एसपी के आदेश पर भटनी पुलिस ने सपा प्रत्याशी के पति व सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामइकबाल के पुत्र अजय यादव, रामपुर महुआबारी के सुनील यादव, पकहां के राजन शर्मा, बेलम्हा रामपुर के बली बादशाह व इमामुलहक के खिलाफ पुलिस ने आइटी एक्ट समेत कई धाराओं में केस दर्ज किया है। प्रभारी निरीक्षक श्याम सुंदर तिवारी ने कहा कि मुकदमा दर्ज कर विवेचना की जा रही है।

अमर उजाला पे 13/7/21

# तीन महिलाओं समेत छह पर केस दर्ज

भटनी। वैध मिश्रौली गांव निवासी तीन महिलाओं समेत छह लोगों पर पुलिस ने बलवा,मारपीट और एससी/एसटी के तहत केस दर्ज किया है। मामले में करीब दस दिन पूर्व बकरी चराने को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई थी। केस दर्ज कर पुलिस जांच में जुटी है।

भटनी थाना क्षेत्र के मिश्रौली दीक्षित गांव निवासी मनीष कुमार गोड़ की बहन संजीता तीन जुलाई को बकरी चरा रही थी। तभीं बकरियां वैद्य मिश्रौली गांव निवासी एक व्यक्ति के खेत में चली गईं और फसल नुकसान करने लगीं। नाराज आरोपितों ने संजीता को बुरी तरह से पीट दिया। इसके बाद पुलिस ने वैद्य मिश्रौली गांव निवासी रंजना देवी, सुरेमनी देवी, बुच्ची साहनी, रणवीर साहनी, मैनेजर साहनी और विक्की साहनी पर बलवा, मारपीट, जान से मारने की धमकी और एससी-एसटी एक्ट आदि धाराओं में केस दर्ज किया है। संवाद

अमर उजाला दि. 13/7/21

# सपा की जिला पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी के पति समेत पांच पर केस दर्ज

## समाजवादी पार्टी से जुड़ी महिला जिला पंचायत सदस्य की तहरीर पर हुई कार्रवाई

## पूर्व जिलाध्यक्ष का पुत्र है एक आरोपित अजय यादव

संवाद न्यूज एजेंसी

**भटनी(देवरिया)।** सपा की जिला पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी के पति समेत पांच लोगों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई सपा से जुड़ी और सलेमपुर -भाटपाररानी आंशिक सीट से जिला पंचायत सदस्य की तंहरीर पर हुई है। एक आरोपित अजय यादव के पिता सपा के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

भटनी थाना क्षेत्र के मड़पही गांव निवासी अजय कुमार यादव की पत्नी ममता यादव सलेमपुर -भाटपाररानी आंशिक से सपा की जिला पंचायत सदस्य हैं। पीड़ित ममता यादव ने एसपी को दी तहरीर में बताया कि तीन जुलाई को जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ था।

इसमें शैलेजा यादव पत्नी अजय यादव ने सपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था। शैलेजा भाजपा प्रत्याशी गिरीश चंद्र तिवारी से चुनाव हार गईं। तभी से उनके पति अजय यादव मुझ पर भाजपा के पक्ष में वोट देने का आरोप लगाकर साथियों के साथ सोशल मीडिया पर टिप्पणी कर रहे हैं।

आरोपियों द्वारा उन्हें लगातार मानसिक उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उनकी शिकायत पर एसपी के निर्देश पर भटनी पुलिस शैलजा यादव के पति व सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामइकबाल यादव के पुत्र अजय यादव, रामपुर महुआबारी निवासी सुनील यादव उर्फ पिंटू, पकहां गांव निवासी राजन शर्मा, बेलहमा रामपुर निवासी बली बादशाह और इमामुलहक पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

एसओ श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि एसपी के आदेश पर सपा के जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रत्याशी के पति समेत पांच लोगों पर आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

अमर उजाला दि. 13/7/21

# सपा की जिला पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी के पति समेत पांच पर केस दर्ज

संवाद न्यूज एजेंसी

**समाजवादी पार्टी से जुड़ी महिला जिला पंचायत सदस्य की तहरीर पर हुई कार्रवाई**

**पूर्व जिलाध्यक्ष का पुत्र है एक आरोपित अजय यादव**

**भटनी(देवरिया)।** सपा की जिला पंचायत अध्यक्ष प्रत्याशी के पति समेत पांच लोगों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। यह कार्रवाई सपा से जुड़ी और सलेमपुर -भाटपाररानी आंशिक सीट से जिला पंचायत सदस्य की तहरीर पर हुई है। एक आरोपित अजय यादव के पिता सपा के जिलाध्यक्ष भी रह चुके हैं।

भटनी थाना क्षेत्र के मड़पही गांव निवासी अजय कुमार यादव की पत्नी ममता यादव सलेमपुर -भाटपाररानी आंशिक से सपा की जिला पंचायत सदस्य हैं। पीड़ित ममता यादव ने एसपी को दी तहरीर में बताया कि तीन जुलाई को जिला पंचायत अध्यक्ष पद के लिए चुनाव हुआ था।

इसमें शैलेजा यादव पत्नी अजय यादव ने सपा प्रत्याशी के तौर पर चुनाव लड़ा था। शैलेजा भाजपा प्रत्याशी गिरीश चंद्र तिवारी से चुनाव हार गईं। तभी से उनके पति अजय यादव मुझ पर भाजपा के पक्ष में वोट देने का आरोप लगाकर साथियों के साथ सोशल मीडिया पर टिप्पणी कर रहे हैं। आरोपियों द्वारा उन्हें लगातार मानसिक उत्पीड़न और जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उनकी शिकायत पर एसपी के निर्देश पर भटनी पुलिस शैलजा यादव के पति व सपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रामइकबाल यादव के पुत्र अजय यादव, रामपुर महुआबारी निवासी सुनील यादव उर्फ पिंटू, पकहां गांव निवासी राजन शर्मा, बेलहमा रामपुर निवासी बली बादशाह और इमामुलहक पर गंभीर धाराओं में केस दर्ज किया है।

एसओ श्यामसुंदर तिवारी ने बताया कि एसपी के आदेश पर सपा के जिला पंचायत अध्यक्ष के प्रत्याशी के पति समेत पांच लोगों पर आईटी एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

अमर उजाला 13/7/21

# सीआईबी ने छापा मारा, टिकट दलाल गिरफ्तार

**भटनी(देवरिया)।** सीआईबी टीम ने कप्तानगंज आरपीएफ के साथ मिलकर कसया क्षेत्र की एक दुकान में छापा मारकर संचालक को गिरफ्तार किया। टीम को दुकान से भारी मात्रा में प्रतिबंधित समान और 36 टिकट बरामद हुए।

सीआईबी प्रभारी भटनी अरविंद यादव को सूचना मिली कि कसया क्षेत्र के बहोरापुर साखोपार स्थित पुनीत ट्रैवेल्स सर्विसेज में टिकट की कालाबाजारी की जाती है। टीम ने कप्तानगंज आरपीएफ के उपनिरीक्षक के साथ मिलकर दुकान में रविवार रात छापा मारा। यहां प्रतिबंधित समान, करीब 55 हजार के अग्रिम यात्रा के 36 टिकट, डेस्कटॉप, प्रिंटर, मोबाइल आदि बरामद हुआ। सीआईबी ने दुकान संचालक पुनीत श्रीवास्तव निवासी बहोरापुर साखोपार पर कप्तानगंज आरपीएफ ने केस दर्ज कराया और उसे जेल भेज दिया।

सीआईबी प्रभारी अरविंद यादव ने बताया कि जरूरतमंदों को एक हजार से अधिक रुपये लेकर टिकट की कालाबाजारी करने के आरोप में एक टिकट दलाल को पकड़ा गया है। पूछताछ में अन्य लोगों का नाम भी आया है जल्द ही कार्रवाई की

# KUSHINAGAR POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-07-2021

# लोहे का पाइप चुराने वाला आरोपी गिरफ्तार

**खड्डा।** थाना क्षेत्र के ग्रामसभा भुजौली स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिसर से दो दिन पूर्व 20 फीट लम्बा 15 लोहे की पाइप चोरी कर ली गई थी। इसकी तहरीर विद्यालय प्रबंधन ने थाने में दी थी। सोमवार को इंस्पेक्टर आरके यादव को सूचना मिली कि विद्यालय से पाइप चोरी करने वाला डोमनपट्टी चौराहे पर कहीं जाने की फिराक में है। इंस्पेक्टर ने एसएसआई भगवान सिंह, सिपाही जंत्री प्रसाद, सौरभ व सोनू को मौके पर भेजा, जहां पुलिस टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान खड्डा के कोहरगड्डी निवासी जलाधर के तौर पर हुई। आरोपी की निशानदेही पर चोरी की 15 लोहे की पाइप को बरामद करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया।

# डेढ़ किलो गांजे के साथ एक गिरफ्तार

**विशुनपुरा।** जटहा बाजार पुलिस ने डेढ़ किलो गांजा के साथ एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया ' एसओ नंदा प्रसाद, आयुष यादव, रोहित, नितेश यादव तथा आजाद चौहान के साथ क्षेत्र में गश्त पर थे ' इसी दौरान कटाई भरपुरवा गांव के तपसी मोड़ पर एक संदिग्ध व्यक्ति दिखा, जो बिहार की तरफ जा रहा था ' संदेह के आधार पर पुलिस ने उसकी तलाशी ली तो उसके कब्जे से डेढ़ किलो गांजा बरामद हुआ ' पूछताछ में उसकी पहचान बिहार प्रांत के धनहा थाना क्षेत्र के सहज टोला बरवा निवासी सिकन्दर कुशवाहा के रूप में हुई।

हाइवे पर पटहेरिया चौराहे के समीप पुलिस ने की थी घेराबंदी

# पशु तस्करों ने पुलिस को कुचलने का किया प्रयास

पटहेरवा | **हिन्दुस्तान संवाद**

कुशीनगर में फोरलेन पर पटहेरिया चौराहे के समीप सोमवार की भोर में वाहनों की चेकिंग के लिए घेराबंदी कर रही पुलिस टीम को पशु तस्करों ने गाड़ी से कुचलने का प्रयास किया। पुलिस ने खुद को बचाते हुए दो ट्रकों में लदे 37 प्रतिबंधित पशुओं के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। दोनों तस्कर आजमगढ़ के रहने वाले थे। पशुओं को बिहार होते हुए पश्चिम बंगाल पहुंचाने की योजना थी।

सोमवार की भोर में पटहेरवा पुलिस को पशुओं से भरे दो ट्रकों के आने की सूचना मिली। इस पर भोर में करीब चार बजे फोरलेन स्थित पटहेरिया चौराहे पर पुलिस ने घेराबंदी की। एसओ सुनील कुमार सिंह व एसआई पीएन सिंह आने-जाने वाले वाहनों की जांच पड़ताल में जुट गए। इसी दौरान एक ट्रक में सवार तस्करों ने घेराबंदी से पहले ही डिवाइडर पर गाड़ी चढ़ाकर पुलिस टीम को कुचलने का प्रयास किया। इससे पुलिसकर्मी बाल-बाल बचे। एसआई पीएन सिंह ने फोर्स के साथ भाग रहे ट्रक का पीछा किया। यह देखकर पशु तस्कर ट्रक रजवटिया गांव के पास छोड़कर फरार हो गए।

इधर एसओ के साथ दूसरी टीम पटहेरिया चौराहे पर ही जांच में जुटी थी। यहां पशुओं से भरा दूसरा ट्रक भी उसी समय आ गया। पुलिस टीम को सामने देख ट्रक छोड़कर उसमें सवार दो तस्कर भी भागने लगे, जिन्हें ग्रामीणों की मदद से पुलिस ने पकड़ लिया। पकड़े गए ट्रकों से पुलिस ने कुल 37 प्रतिबंधित पशुओं को बरामद किया है। ट्रकों में पशुओं को क्रूरता पूर्वक लादा गया गया। सात पशु मृत हालत में पाए गए। पकड़े गए तस्करों की पहचान मुहम्मद सादिक निवासी फूलपुर देहात और रिजवान निवासी सेमपुर थाना फूलपुर, जिला आजमगढ़ के रूप में हुई है। एसओ ने बताया कि केस दर्ज कर मामले में कार्रवाई की जा रही है। तस्कर पशुओं को बिह हुए पश्चिम बंगाल ले जा रहे



सोमवार की भोर में पुलिस द्वारा पकड़े गए ट्रक और प्रतिबंधित पशु। • हिन्दुस्तान

## दुस्साहस

- पुलिस ने जान पर खेल कर दो ट्रकों को पकड़ा, 37 प्रतिबंधित पशु बरामद
- पुलिस टीम को कुचलने के प्रयास में चालक ने डिवाइडर पर चढ़ा दी गाड़ी

## बंगाल ले जा रहे थे पशु

पुलिस के अनुसार तस्कर पशुओं को बिहार होते हुए पश्चिम बंगाल ले जा रहे थे। तस्करों के खिलाफ इस कार्रवाई में हेड कांस्टेबल जितेंद्र गोस्वामी, कांस्टेबल जितेंद्र पाल, नीरज कुमार, चंद्रमा मौर्य, दिव्यमान यादव आदि शामिल रहे।

# लोहे की पाइप बरामद, एक गिरफ्तार

**पडरौना :** खड्डा पुलिस ने डोमनपट्टी में छापेमारी कर 20 फीट लंबा लोहे का पाइप बरामद कर एक को गिरफ्तार कर लिया। पकड़ा गया आरोपित जालंधर गोहरगड्डी गांव का रहने वाला है। पूछताछ में उसने बताया कि भुजौली सरस्वती शिशु मंदिर से पाइप चुराया था। प्रभारी निरीक्षक आरके यादव ने बताया कि आरोपित जेल भेज दिया गया है। (जासं)

# दो ट्रकों से 37 गोवंश बरामद, दो गिरफ्तार



बरामद पशु व ट्रक ● जागरण

**जागरण संवाददाता, पटहेरवा:** राष्ट्रीय राज मार्ग पर गोवंशीय पशुओं से भरे वाहनों के पकड़े जाने का सिलसिला जारी है। सोमवार को तीसरे दिन पटहेरवा पुलिस ने 37 पशुओं से लदे ट्रक व दो तस्करों को पकड़ा। इसके पूर्व शनिवार और रविवार को मेरठ से पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा पशुओं से लदा कंटेरनर तुर्कपट्टी में पकड़ा गया था।

वाहन चेकिंग के दौरान पटहेरिया चौराहे के समीप पकड़े गए ट्रक से 37 गोवंश बरामद किए गए। यह पशु वध के लिए फैजाबाद से बिहार ले जाए जा रहे थे। सुबह एसएचओ सुनील सिंह व एसआइ पीएन सिंह टीम के साथ ट्रकों की जांच कर रहे थे। इस दौरान गोरखपुर की ओर से आ रहे एक ट्रक का चालक डिवाइडर पार कर दूसरी लेन से भागने लगा। बाल-बाल बचे। टीम ट्रक का पीछ करने लगी तो पशु तस्कर ट्रक क रजवटिया में चकदहवा ड्रेन के पास छोड़कर फरार हो गए। इसी दौरान पशुओं से लदा एक और ट्रक आया पुलिस टीम देखकर ट्रक पर सवार द तस्कर उतरकर भागने लगे। जिन्हे ग्रामीणों व पुलिस ने दौड़ा कर पकड़ लिया। दोनों ट्रकों से क्रमशः18 व 1 गोवंश बरामद हुए। पशुओं के चारे पैर व गर्दन एक रस्सी में बांधे गए थे। पुलिस के अनुसार तस्करों ने पूछताछ में बताया कि वह पशुओं को फैजाबाद से सीवान ले जा रहे थे तस्करों की पहचान मुहम्मद सादिक निवासी फूलपुर देहात थाना फूलपुर जिला आजमगढ़ व रिजवान निवासी सेमपुर थाना फूलपुर आजमगढ़ के रूप में हुई। पुलिस टीम में एचसीपी जितेंद्र गोस्वामी, कांस्टेबल जितेंद्र

# दो ट्रकों से 38 मवेशियों को मुक्त कराया गया

संवाद न्यूज एजेंसी

## तस्करी के आरोप में पकड़े गए दोनों युवक आजमगढ़ के हैं रहने वाले

**पटहेरवा।** फोरलेन हाइवे स्थित पटहेरिया चौराहे पर सोमवार की सुबह पुलिस ने पशुओं से भरे दो ट्रकों को पकड़ लिया। इन पर 38 मवेशी लदे थे। ट्रक के साथ दो तस्कर भी गिरफ्तार किए गए हैं जबकि एक ट्रक चालक भाग निकला। पकड़े गए आरोपी आजमगढ़ जिले के निवासी हैं।

एसओ पटहेरवा सुनील सिंह ने बताया कि सोमवार की सुबह वे गस्त पर थे। पशु तस्करों की गाड़ी आने की सूचना पर पटहेरिया चौराहे पर गाड़ाबंदी कर संदिग्ध ट्रकों की तलाश की जाने लगी। एक ट्रक गोरखपुर की तरफ से आता दिखा, जिसे पुलिस ने रोक लिया। इसके बाद दूसरे ट्रक की तलाश होने लगी। चौराहे पर बैरिकेडिंग व पुलिस देखकर ट्रक चालक ने डिवाइडर पर ट्रक चढ़ाकर वापस पीछे की तरफ गाड़ी मोड़ दी, जिसका पुलिस ने पीछा करते हुए पटहेरवा ओवरब्रिज के समीप पकड़ लिया। हालांकि चालक भाग निकला। दोनों ट्रकों को थाने लाकर तलाशी ली गई तो उस पर 38 मवेशी लदे मिले। पकड़े गए चालकों के खिलाफ पशु क्रूरता व गोवध निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया है। पकड़े गए रिजवान व सादिक आजमगढ़ जिले के फूलपुर थाना क्षेत्र के निवासी बताए गए हैं।

इस संबंध में एसओ सुनील सिंह ने बताया कि दो ट्रकों से 38 पशुओं को मुक्त कराया गया है।

# कबाड़ी की दुकान में पुलिस ने मारा छापा

संवाद न्यूज एजेंसी

## कबाड़ी के बताने पर कोहरगड्डी निवासी युवक को भेजा गया जेल

**खड्डा।** स्थानीय पुलिस ने एक कबाड़ी की दुकान पर छापा मारकर चोरी का सामान बरामद किया। लेकिन आश्चर्यजनक रूप से पुलिस ने कबाड़ी को छोड़ दिया। कबाड़ी के बताने पर कोहरगड्डी गांव के एक युवक को चोरी के आरोप में जेल भेज दिया गया।

खड्डा थाने के एसआई भगवान सिंह, सिपाही जंत्री यादव, जसौरभ सिंह व कुमार सानू यादव की टीम ने रविवार को हनुमानगंज थाना क्षेत्र के एक गांव के कबाड़ी की दुकान पर दबिश दी थी। पुलिस को यहां से चोरी के पाइप व अन्य समान मिले। पुलिस सूत्रों के अनुसार कबाड़ी ने कुछ लोगों का नाम बताते हुए चोरी का सामान बेचने की बात कबूल की। पुलिस ने यहां से बरामद सामान को थाने भेज दिया।

इसके बाद थाना क्षेत्र के डोमन छपरा गांव से एक व्यक्ति को पकड़कर पूछताछ की गई। दोपहर बाद पुलिस ने चोरी के आरोप में कोहरगड्डी निवासी जालांधर का चालान कर दिया। इस संबंध में एसओ आरके यादव ने बताया कि चोरी के एक मामले की छानबीन हो रही थी।

चोरी गए पाइप को बरामद कर लिया गया है। चोरी के आरोपी के व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर चालान किया गया है। घटना के तह तक जाने के लिए कई लोगों से पूछताछ की गई।

# विद्यालय में चोरी, जांच करने पहुंची पुलिस



चोरी की घटना की जांच करते दारोगा सनी चावला दाएं से दूसरे ● जागरण

**जासं, सेवरही:** सेवरही के रकबा दुलमापट्टी गांव के कंपोजिट विद्यालय भगवानपुर में चोरों ने फाटक की कुंडी तोड़कर सामान चुरा लिया। पुलिस ने मौके पर मामले की जांच की।

प्रधानाध्यापक विमलेश प्रताप सिंह व ग्राम प्रधान हैदर अली की तहरीर के मुताबिक सोमवार को विद्यालय पहुंचने पर कार्यालय व रसोईघर का फाटक खुला था। गैस सिलिंडर, सीलिंग फैन, एक बोरा गेहूं व चावल गायब था। एसआइ सनी चावला को जांच के दौरान बाउंड्री के समीप एक सरिया मिली, जिससे कुंडी तोड़ी गई थी। एसओ महेंद्र कुमार चतुर्वेदी ने बताया कि कार्रवाई की जा रही है।

MAHARAJGANJ POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-07-2021

# साथी को वेतन से दिए 26.25 लाख

महराजगंज | निज संवाददाता

सोनौली पुलिस चौकी के प्रभारी रहे एसआई रितेश रॉय के निधन पर पुलिस परिवार ने मानवता की मिसाल पेश की है। दिवंगत साथी के परिजनों को आर्थिक मदद देने के लिए स्वेच्छा से अपना एक दिन का वेतन दिया है। एसपी प्रदीप गुप्ता से लेकर कांस्टेबिल तक सभी ने सहायता के लिए हाथ बढ़ाया। इससे कुल 26 लाख 25 हजार एकत्र हुआ। सोमवार को एसपी ने दिवंगत एसआई रितेश रॉय की मां सुमन राय व पत्नी वर्षिता रॉय को 26.25 लाख में से बराबर-बराबर 13 लाख 12 हजार 500 का चेक दिया।

सोनौली पुलिस चौकी के इंचार्ज रहे

## पुलिस विभाग

- सोनौली पुलिस चौकी इंचार्ज रितेश राय की इलाज के दौरान 12 जून को हुई थी मौत
- एसपी के पहल पर पुलिस कर्मियों ने स्वेच्छा से परिजनों की मदद के लिए दिया एक दिन का वेतन

रितेश रॉय आजमगढ़ जनपद के ग्रामसभा किशुनदासपुर नम्बर 1 थाना कंधरापुर के रहने वाले थे। पिता राजेन्द्र प्रसाद रॉय भी पुलिस महकमा में थे। उनके निधन के बाद पिता के अधूरे सपनों को पूरा करने के लिए रितेश राय 6 अप्रैल 2018 को पुलिस महकमा में बतौर एसआई तैनात हुए। कर्तव्य के प्रति ईमानदार व लोगों में मिलनसार छवि देख एसपी प्रदीप गुप्ता ने रितेश रॉय को भारत-नेपाल सीमा की महत्वपूर्ण पुलिस चौकी सोनौली में बतौर इंचार्ज तैनात किया था। जून के पहले सप्ताह में अचानक उनकी तबियत खराब हो गई। इलाज के लिए जिला मुख्यालय पर स्थित एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान 12 जून को उनकी मौत हो गई। परिवार में मां सुमन रॉय, पत्नी वर्षिता रॉय व रितेश रॉय की चार माह की एक मासूम बेटी है। एसआई के निधन के बाद पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने दुख की इस घड़ी में रितेश रॉय के परिजनों की मदद के लिए अपने एक दिन का सेलरी देने निर्णय लिया।

# किन्नर के 6 लाख के गहने चुरा राजस्थान और हरियाणा भागे आरोपी दबोचे गए

महराजगंज | **निज संवाददाता**

पुरन्दरपुर पुलिस व स्वॉट टीम ने गजपति गांव के रहने वाले किन्नर के घर से गहना चोरी के मामले का पर्दाफाश कर दिया है। इस मामले में दो आरोपित गिरफ्तार कर जेल भेज दिए गए। उनके पास से चोरी का गहना भी बरामद कर लिया। आरोपित में से एक नकली किन्नर बन कर असली किन्नर के घर रह रहा था। दो राज्यों में पीछा करते हुए पुलिस टीम ने दोनों आरोपितों को पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के पैसिया से गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस कार्यालय में सोमवार को एसपी प्रदीप गुप्ता ने बताया कि राजस्थान व हरियाणा के दो नकली किन्नर पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के गजपति गांव के रहने वाले किन्नर के घर रहने का पनाह मांगी। इसमें से एक का नाम आकाश पुत्र मनोहर लाल (22) है। वह हरियाणा के रविदासनगर गली नम्बर तीन मंडी डबबाली जनपद सिरसा का रहने वाला है। दूसरे आरोपित का नाम राहुल शर्मा उर्फ काजल (25) पुत्र हरिओम शर्मा है। वह कर्मीकोट थाना मुण्डावर, जिला अलवर राजस्थान का निवासी है। राहुल उर्फ काजल नाच-गाने का काम करता है। आकाश उसके साथ वाद्य यंत्र बजाता है। यह दोनों गपजति गांव के रहने वाले किन्नर रजनी गुप्ता के घर उसके साथ कुछ दिन रहे। क्षेत्र में जाकर नाच-गाना व बधाई से मेलजोल बढ़ाया। एक दिन मौका पाकर राहुल उर्फ कालज व आकाश किन्नर रजनी का पूरा गहना लेकर फरार हो गए। इस मामले में रजनी की शिकायत दर्ज पर पुरन्दरपुर पुलिस केस करने के बाद पुरन्दरपुर छानबीन शुरू कर रही थी। जांच के लिए स्वाट टीम को भी लगाया गया। दोनों टीम ने सोमवार को आरोपितों को गिरफ्तार कर उनके पास से चोरी का छह लाख का गहना बरामद कर लिया।

**पुलिस की इस टीम ने किया चोरी का पर्दाफाशः** पुरन्दरपुर थाना के प्रभारी निरीक्षक रवि कुमार राय, स्वॉट टीम के प्रभारी इंस्पेक्टर शशांक शेखर राय, पुरन्दरपुर थाना के एसआई तुलसीराम यादव, एसआई दुर्गेश वैश्य, एसआई रमेश यादव, कांस्टेबिल मनीष पटेल, मनीष यादव, हेड कांस्टेबिल स्वाट टीम ओमप्रकाश यादव, रामभरोसे यादव, गिरजा शंकर यादव, सुभाष सिंह व कांस्टेबल विनीत कुमार शामिल रहे।

## फेसबुक पर अपलोड किया फोटो तो पकड़ में आए

पुरन्दरपुर से छह लाख का गहना चोरी के बाद दोनों आरोपितों ने अपने मोबाइल नम्बर को बंद कर दिया था, लेकिन राहुल उर्फ काजल ने फेसबुक पर हरियाणा जाकर चोरी का हार पहन कर फोटो अपलोड किया। इसके बाद पुलिस सर्विलांस के जरिए पता लगाते-लगाते हरियाणा पहुंच गई। राजस्थान में तलाश किया। लेकिन हर सौ किमी पर दोनों अपना लोकेशन व मोबाइल नम्बर बदल देते थे। दोनों अपना ठिकाना बदलते-बदलते पुरन्दरपुर क्षेत्र के पैसिया तिराहे पर आ गए। जिसके बाद पुलिस टीम ने दोनों को गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से छह लाख के कीमती सोने व चांदी का आभूषण हार ,माथे का टीका, अंगूठी ,कान की बाली, झूमका, चांदी के जेवर अंगूठी,पायल आदि को बरामद कर ली। इस मामले में दोनों आरोपितों के खिलाफ धारा 380, 411 आईपीसी के तहत केस दर्ज कर सोमवार को जेल भेज दिया गया।

# कोहड़वल में मारपीट में दोनों पक्षों पर मुकदमा

निचलौल | हिन्दुस्तान संवाद

निचलौल क्षेत्र के कोहड़वल चौराहे पर रविवार शाम को मछली खरीदने के दौरान दो पक्षों के बीच मारपीट हुई। इस दौरान अवैध कट्टा व कारतूस भी बरामद किया गया। इस मामले में सोमवार को पुलिस ने दोनों पक्षों के विरुद्ध मारपीट का मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने दोनों पक्ष के लोगों को गिरफ्तार कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

ग्राम कोहड़वल टोला सिसवाडीह निवासी जीतेन्द्र यादव व इसी गॉव के रविन्द्र कुमार पाण्डेय के बीच पुरानी रंजिश है। कुछ वर्ष पहले भी दोनों पक्षों में मारपीट हुई थी। जीतेन्द्र द्वारा पुलिस को दी गई तहरीर में आरोप लगाया गया है कि रविवार शाम को वह कोहड़वल चौराहे पर मछली खरीद रहा था। इस बीच रविन्द्र अपनी कार से आया और इनकी बाइक में ठोकर मार दिया। आरोप है कि इसी बीच उस कमर से अवैध कट्टा खुलकर जमीन पर गिर गया। इसे ग्रामीणों ने बरामद कर लिया। वहीं रवीन्द्र द्वारा दी गई तहरीर में बताया गया है कि जीतेन्द्र अपने सहयोगी को साथ लेकर उस हमला कर दिया और उस बुरी तरह से पिटाई कर दिया घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्ष के तीनों लोगों को थाने लेकर आई। पुलिस ने जीतेन्द्र की तहरीर पर रवीन्द्र कुमार पाण्डेय के खिलाफ मारपीट व आर्म्स एक्ट में केस दर्ज किया है। वहीं रवीन्द्र की तहरीर पर जीतेन्द्र व एक सहयोगी पर केस दर्ज किया है।

## कार्रवाई

- मछली खरीदने के दौरान दोनों में हुई थी मारपीट
- दोनों पक्ष के तीन लोगों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

# सीओ व थानेदार को एडीजी जोन ने भेजा प्रशस्ति पत्र

**महराजगंज :** थानों में बीट प्रणाली के बेहतर संचालन को लेकर महराजगंज की पुरंदरपुर पुलिस एडीजी जोन गोरखपुर की जांच में सर्वश्रेष्ठ घोषित हुई है। इस बेहतर व्यवस्था की प्रशंसा करते हुए एडीजी ने फरेंदा सीओ सुनील दत्त दुबे और थानेदार रवि कुमार राय को प्रशंसा पत्र भेजा है। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि जोन कार्यालय गोरखपुर के वरिष्ठ अधिकारियों ने गत 11 जुलाई को पुरंदरपुर व नौतनवा थाना पहुंचकर बीट प्रणाली का भौतिक सत्यापन किया। (जासं.)




स्व. रितेश राय की पत्नी वर्षिता राय को चेक सौंपते एसपी प्रदीप गुप्ता ● जागरण

# दारोगा के स्वजन को पुलिसकर्मियों ने दिया एक दिन का वेतन

**जासं, महराजगंज:** जिले के सोनौली चौकी प्रभारी की ड्यूटी के दौरान हुई मौत के बाद पर उपनिरीक्षक रितेश राय के स्वजन को महराजगंज के सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने अपना एक दिन का वेतन दिया है। सोमवार को पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय में उनकी पत्नी वर्षिता राय और माता सुमन राय को 26.25 लाख रुपये की राहत राशि का चेक सौंपते हुए हरसंभव मदद का आश्वासन दिया। साथ ही पत्नी की नौकरी के लिए आवेदन पत्र की कार्रवाई भी पूरी हुई।

आजमगढ़ जिला कंधरापुर थाना क्षेत्र के किसुनदासपुर गांव निवासी रितेश राय वर्ष 2018 बैच

ड्यूटी के दौरान ही अचानक तबीयत खराब होने पर उन्हें जिला अस्पताल और फिर लखनऊ ले जाया गया था, जहां 12 जून की रात में उनकी मौत हो गई थी। परिवार में पत्नी वर्षिता राय, छह माह की बच्ची आकृति के अलावा मां सुमन राय व छोटे भाई रूपेश राय हैं। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि दारोगा की मौत के बाद उसके स्वजन की सहायता के लिए एक दिवस के वेतन देने की योजना बनी थी और इस क्रम में सोमवार को कुल 26 लाख 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता राशि का चेक सौंपा गया, इसमें मां सुमन राय को जहां 13 लाख 12 हजार 500 रुपये तो उतने का ही चेक पत्नी

# साथियों ने ही की थी किन्नर के घर में चोरी, दो गिरफ्तार

**जागरण संवाददाता, महराजगंजः** पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के गजपति गांव में रजनी गुप्ता (किन्नर) के घर 24 जून को उसके ही हरियाणा और राजस्थान के दो साथियों ने चोरी की घटना को अंजाम दिया था। घटना के बाद से ही दोनों आरोपित अपना मोबाइल बंद कर फरार थे। सोमवार को स्वाट व पुरंदरपुर पुलिस ने दोनों आरोपितों को चोरी के माल समेत गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने प्रेसवार्ता कर मामले का पर्दाफाश किया। एसपी ने बताया कि 24 जून को गजपति निवासी रजनी गुप्ता (किन्नर) के घर में करीब छह लाख रुपये कीमत के जेवरात की चोरी हो गई थी। इस मामले में पीड़ित ने पुरंदरपुर थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस की जांच में पता चला कि उसके दो साथी हरियाणा के सिरसा जिला रविदासनगर निवासी आकाश और राजस्थान के अलवर



गिरफ्तार आरोपित के साथ एसपी प्रदीप गुप्ता व पुलिसकर्मी ● जागरण

जिले के कर्मीकोट निवासी राहुल शर्मा उर्फ काजल जो उसके साथ नाच गाना का कार्य करते थे। चोरी के बाद से ही अपना मोबाइल बंद कर फरार हैं।

पुलिस अपनी जांच में आगे बढ़ ही रही थी कि तभी पीड़ित रजनी के फरार दोस्त आकाश की फेसबुक आइडी पुलिस के हाथ लग गई। फेसबुक प्रोफाइल पर जो फोटो लगी थी, उसमें राहुल शर्मा उर्फ काजल जो डांसर का काम करता था वह चोरी का हार पहने हुआ था।

**खुद को किन्नर बताकर लोगों को धोखे में रखता था राहुलः** पुरंदरपुर के थानेदार रवि कुमार राय ने बताया कि राजस्थान के अलवर जिला निवासी राहुल शर्मा और हरियाणा के सिरसा जिला रविदासनगर निवासी आकाश बिस्नोई के साथ नाच गाना का कार्य करता था। राहुल शर्मा ने अपने आपको किन्नर बताकर महराजगंज के गजपति निवासी रजनी किन्नर का विश्वास जीत लिया था और समय मिलते ही दोनों चोरी कर फरार हो गए थे।

# भारत–नेपाल सीमा पर बढ़ाई गई चौकसी

**जासं,टूठीबारी:** लखनऊ में अलकायदा के दो आतंकवादियों के गिरफ्तारी के बाद भारत-नेपाल सीमा स्थित टूठीबारी चेक पोस्ट पर हाईअलर्ट कर दिया गया है। सीमा पर सुरक्षा एजेंसियां पूरी तरह चौकस हैं। साथ ही गश्त बढ़ा दी गई है। वहीं हर छोटे बड़े नाकों पर पुलिस नेपाल से आने जाने वालों पर कड़ी निगरानी रख रही है। इसके अलावा एसएसबी के साथ संयुक्त रूप से जांच पड़ताल कर रही है।

सोमवार को टूठीबारी एसएसबी कैंप व नोमेंस पर पहुंचकर क्षेत्राधिकारी धीरेंद्र कुमार उपाध्याय ने भारत नेपाल सीमा का जायजा लिया। जिसके बाद उन्होंने बताया कि सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया है। भारत नेपाल सीमा पर तैनात सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट मोड़ पर है। सीमा पर आवागमन को लेकर विशेष चौकसी बरती जा रही है। सभी के जांच व निगरानी का निर्देश दिया गया है।

**एसएसबी जवानों ने गश्त कर कराया**



भारत–नेपाल सीमा के टूठीबारी चेक पोस्ट पर सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी लेते (दाएं) पुलिस उपाधीक्षक धीरेंद्र उपाध्याय● जागरण

**सुरक्षा का एहसास:** नौतनवा: एसएसबी 66 वीं वाहिनी सहायक कमांडेंट कृष्ण कुमार के नेतृत्व में सोमवार को भारत-नेपाल के सीमावर्ती गांव हरदीडाली व पगडंडी मार्गों पर गश्त अभियान चलाकर ग्रामीणों को सुरक्षा का अहसास कराया। इस दौरान सीमा सील के दौरान नेपाल से आने वालों को लौटा दिया गया, वहीं तस्करी पर अंकुश लगाने के लिए रात्रि गश्त बढ़ाने की बात कही गई। जवानों ने गांव-गांव जाकर कोरोना टीकाकरण को लेकर जागरूक किया और शारीरिक दूरी, मास्क व सैनिटाइजर का इस्तेमाल करते पर जोर दिया। सहायक कमांडेंट ने कहा कि सुरक्षा के मद्देनजर गश्त अभियान चलाया जा रहा है, जो शिफ्ट के अनुसार 24 घंटे चलता रहेगा। इसमें संदिग्ध दिखे लोगों से पूछताछ करना, रात में पगडंडियों पर बेवजह घूमने वालों पर कार्रवाई करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा खुली सीमा जवानों के लिए चुनौती है, कहीं कोई अराजकतत्व सीमा में घुसने की कोशिश न करें, इसके लिए जवानों की निगाह बार्डर पर लगी रहती है। हरदी डाली चौराहे पर बिना मास्क घूम रहे लोगों को समझाते हुए उन्होंने कहा कि अभी कोरोना का कहर समाप्त नहीं हुआ है, अपने व परिवार की सुरक्षा के लिए प्रोटोकाल का पालन अवश्य करें और टीकाकरण कराएं। एएसआई कौशल कुमार, मुख्य आरक्षी मो. जमीर, रूप सिंह, नीलेश पाटिल आदि उपस्थित रहे।

### अलर्ट

- लखनऊ में आतंकियों के पकड़े जाने पर सुरक्षा एजेंसियां सतर्क
- क्षेत्राधिकारी ने भारत–नेपाल सीमा की स्थिति का लिया जायजा

# नेपाल सीमा पर 83 बोरी मटर बरामद, गोदाम सील



बरामद मटर के साथ ( मध्य में ) एसडीएम प्रमोद कुमार व एसएसबी के जवान
● जागरण

**जागरण संवाददाता, निचलौल:** थाना क्षेत्र के नेपाल सीमा से सटे ईटहियां टोला डुमरी में सोमवार की सुबह उपजिलाधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस, एसएसबी और कस्टम विभाग की टीम ने संयुक्त छापेमारी करते हुए 83 बोरी मटर के साथ एक आरोपित को हिरासत में ले लिया है। मटर बरामदगी के बाद एसडीएम ने गोदाम को सील कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि सोमवार की सुबह सूचना मिली कि सीमा से लगे ग्राम ईटहिया के टोला डुमरी के एक घर में नेपाल राष्ट्र से विदेशी मटर की तस्करी कर रखा गया है। साथ ही यहां से उसे अन्य स्थान पर भेजने की तैयारी है। सूचना के आधार पर झुलनीपुर बीओपी के एसएसबी जवानों, कस्टम व पुलिसकर्मियों के साथ गांव में छापेमारी की गई। गांव के निवासी गजेंद्र यादव के मकान में छुपाकर रखी गई 83 बोरी मटर बरामद की गई। पूछताछ में आरोपित ने मटर खरीद व परिवहन आदि से संबंधित कोई कागजात नहीं दिखा सका। ऐसे में आरोपित को मौके से हिरासत में लेते हुए बरामद मटर को सीज कर कस्टम की सुपुर्दगी में दे दिया गया। साथ ही आरोपित को पांच लाख रुपये के निजी बंधपत्र के तहत पाबंद किया गया है।

**लंबे समय से चल रहा है धंधा:** निचलौल तहसील क्षेत्र के सीमाई इलाकों में मटर तस्करी से लेकर अन्य खाद्य पदार्थों की तस्करी का धंधा लंबे समय से संचालित हो रहा है। नेपाल सीमा की पगडंडियों से आरोपित बाइक से इसकी तस्करी कर पहले उसे गोदाम में रखते हैं, फिर बड़े वाहनों में लादकर उसे गोरखपुर, कप्तानगंज, कुशीनगर के बड़े बाजारों तक पहुंचाकर मुनाफा कमाते हैं।

# पिस्टल लेकर दौड़ाने के मामले में मुकदमा दर्ज

**जासं, निचलौल:** थाना क्षेत्र के ग्राम कोहड़वल पोखरे पर रविवार की शाम मछली खरीद रहे एक युवक को एक असलहाधारी व्यक्ति द्वारा पुरानी रंजिश को लेकर गोली मारने के लिए दौड़ाने के मामले में पुलिस ने मारपीट व अवैध असलहा रखने के मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच में जुट गई है।

थाना प्रभारी निरीक्षक निर्भय सिंह ने बताया कि रविवार की शाम करीब पांच बजे कोहड़वल गांव के टोला सिसवाडिह निवासी जितेंद्र यादव एक साथी सतीश यादव निवासी रौतार के साथ कोहड़वल पोखरे पर लगने वाली बाजार में मछली की खरीदारी कर रहे थे। इसी बीच अचानक कार से पहुंचे रविंद्र कुमार पांडेय निवासी ग्राम कोहड़वाल टोला सिसवाडीह ने एक पिस्टल लेकर जितेंद्र को मारने के लिए दौड़ा लिया।

# 50 लीटर कच्ची बरामद, 15 क्विंटल लहन नष्ट

**जागरण संवाददाता, नौतनवा:** एसडीएम रामसजीवन मौर्य ने सोमवार को आबकारी अधिकारियों के साथ अभियान चलाकर कई स्थानों में छापेमारी की। इस दौरान तुलसीपुर, मुसहर टोला, जंगल गुलरहिया आदि गांवों में दबिश देकर कच्ची शराब व लहन आदि को नष्ट किया गया। छापेमारी की भनक लगते ही धंधेबाज बारिश का लाभ उठाते हुए फरार हो गए। एसडीएम ने बताया

## कार्रवाई

- एसडीएम व आबकारी विभाग ने संयुक्त रूप से की छापेमारी
- धंधेबाज बारिश का लाभ उठाते हुए फरार

कि अभियान के तहत आबकारी निरीक्षक नौतनवा संदीप नाथ त्रिपाठी व फरेंदा के रवि विद्यार्थी संयुक्त रूप से कोल्हुई थाना क्षेत्र के जंगल गुलरहिया, टोला मुसहर, तुलसीपुर सकरापार आदि स्थानों पर सघन छापेमारी की गई। जहां कुल 5( लीटर से अधिक अवैध कच्ची शराब बरामद की गई।

साथ ही 15 क्विंटल लहन नष्ट किया गया। आबकारी निरीक्षण नौतनवा ने बताया कि चार अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की गई है।

# अंतरराज्यीय गैंग के दो सदस्य पुलिस के हत्थे चढ़े

## छह लाख के आभूषण बरामद, पुलिस ने दोनों को जेल भेजा

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** पुरंदरपुर थाना क्षेत्र के पैसिया तिराहे से सोमवार की सुबह आठ बजे अंतरराज्यीय गैंग के दो सदस्यों को छह के आभूषण के साथ पुलिस टीम ने गिरफ्तार किया। दोनों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से दोनों को जेल भेजा गया। दोनों आरोपित हरियाणा व राजस्थान के निवासी हैं। जिले में यहां आकर नाच गाना का कार्य करते थे।

सोमवार को मामले का खुलासा करते हुए एसपी प्रदीप गुप्ता ने बताया कि दो आरोपित ने नाच गाने

### नाच-गाने की आड़ में चोरी की घटना को देते थे अंजाम

की आड में 24 जून 2021 को पुरन्दरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम गजपति निवासी रजनी गुप्ता (किन्नर) के घर से आभूषण चोरी किया था। टीम द्वारा काफी प्रयास किया गया। आरोपितों द्वारा अपना लोकेशन बार-बार बदल दिया जा रहा था। एक आरोपित द्वारा चोरी सोने के हार को पहनकर फोटो फेसबुक पर अपलोड किया था।

इस पर टीम ने जांच पड़ताल तेज कर दी। जिससे इन दोनो की हकीकत पुलिस को पता चल गई। पुलिस टीम ने 12 जुलाई को पैसिया तिराहे पर सुबह करीब 8 बजे आकाश निवासी निवासी वार्ड नं. 18 रविदासनगर गली नं. 3 मंडी डवबाली जनपद सिरसा, हरियाणा एवं राहुल शर्मा निवासी कर्मीकोट थाना मुंडावर, जिला अलवर, राजस्थान को गिरफ्तार कर न्यायालय चालान किया गया। जहां से दोनो को जेल भेज दिया गया। आरोपित के पास से सोने के जेवर (हार ,माथे का टीका, अंगूठी ,कान की बाली,झुमका आदि), चांदी के जेवर (अंगूठी ,पायल आदि) बरामद हुआ है।

# मृत उप निरीक्षक के परिजनों को मिली सहायता राशि




**पुलिस कार्यालय पर मृतक सोनौली के चौकी इंचार्ज रितेश राय की पत्नी को सहायता राशि देते एसपी प्रदीप गुप्ता।** *संवाद न्यूज एजेंसी*

**महराजगंज।** मृत उप निरीक्षक चौकी प्रभारी सोनौली रितेश राय के परिवार को आर्थिक सहायता के लिए जनपद के पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों ने स्वेच्छा से 26,25,000 का योगदान किया। पुलिस अधीक्षक प्रदीप गुप्ता ने बताया कि सोमवार को मृत चौकी प्रभारी सोनौली रितेश राय के परिवार को सहायता धनराशि का चेक सुपुर्द किया गया। परिवार की आर्थिक सहायता के लिए जनपद के समस्त पुलिस अधिकारी/कर्मचारियों से स्वेच्छा से अपने एक दिन के वेतन का योगदान देने का आग्रह किया गया था, जिसके फलस्वरूप जनपद महराजगंज पुलिस के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा स्वेच्छा से धनराशि 26 लाख 25 हजार रुपये का योगदान किया गया। मृतक की माता को 13 लाख 12 हजार पांच सौ और पत्नी को 13 लाख 12 हजार पांच सौ का चेक सुपुर्द किया गया। संवाद

# बेहतर कार्य पर एडीजी ने दिया प्रशंसा पत्र

**महराजगंज।** अपर पुलिस महानिदेशक गोरखपुर द्वारा रविवार को अपने कार्यालय से अधिकारियों को भेजकर जनपद के पुरंदरपुर एवं नौतनवां थाने की बीट प्रणाली के क्रियान्वयन का भौतिक सत्यापन कराया गया। इसमें पुरंदरपुर थाने से बेहतर परिणाम मिलने पर थाने के प्रभारी निरीक्षक रवि राय एवं सीओ फरेंदा सुनील दत्त दुबे को एडीजी की ओर से प्रशंसा पत्र प्रदान करते हुए उनकी तत्परता को सराहा गया। रविवार को मातहतों की कार्यकुशलता का औचक निरीक्षण करने पहुंचे अधिकारियों ने स्वयं भौतिक सत्यापन करने के साथ ही आम नागरिकों से भी फीडबैक लिया। सब कुछ संतोषजनक मिला और जांच में पुरंदरपुर थाने के थानेदार पास हो गए, वहीं सीओ के बेहतर पर्यवेक्षण की भी सराहना की गई। कार्यकुशलता से गदगद एडीजी द्वारा प्रशंसा पत्र जारी कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। यह जानकारी जोन कार्यालय गोरखपुर मिडिया सेल प्रभारी की ओर से दी गई है। संवाद

# मारपीट में आठ लोगों का चालान

कोल्हुई। थाना क्षेत्र के अलग-अलग दो ग्राम सभाओं में विवाद को लेकर मारपीट हो गई। इस मामले में पुलिस ने आठ लोगों का चालान कर दिया। ग्राम डकही में सोमवार को दोपहर एक पक्ष फूलचंद व कमलेश तथा दूसरे पक्ष प्रदीप व राजेश में लाइट का केबल ले जाने को लेकर मारपीट हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चारों लोगों को पकड़ लिया। इसी क्रम में ग्राम मोगलहा में एक पक्ष इंदर व राजेश तथा दूसरा पक्ष मुन्ना व बबलू में ठेला लगाने को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने चार लोगों का चालान किया। प्रभारी थानाध्यक्ष गुलाब यादव ने आठ लोगों को चालान करने की पुष्टि की। संवाद

# 83 बोरी विदेशी मटर बरामद

## पुलिस, एसएसबी और कस्टम की संयुक्त टीम ने एसडीएम के नेतृत्व में मारा छापा

संवाद न्यूज एजेंसी

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के भारत-नेपाल सीमा से लगे इटहिया गांव के टोला डुमरी में सोमवार की सुबह करीब आठ बजे एसडीएम प्रमोद कुमार के नेतृत्व में पुलिस और एसएसबी व कस्टम की संयुक्त टीम ने छापा डाला। इस दौरान मुखबिर की सूचना के आधार पर एक घर की तलाशी ली गई। जहां से 50 किलो वजन वाले 83 बोरी विदेशी मटर बरामद हुआ। जबकि मौके से टीम ने एक आरोपित को पकड़ लिया।

वहीं टीम ने बरामद मटर व आरोपित को कस्टम निचलौल को सौंप दिया। साथ ही एसडीएम ने आरोपित को पांच लाख रुपये से पाबंद कर दिया है। एसडीएम प्रमोद कुमार ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि सीमा से लगे इटहिया गांव के टोला डुमरी के एक घर में नेपाल राष्ट्र से विदेशी मटर लाकर छिपाया गया है। जिसके बाद झुलनीपुर बीओपी के एसएसबी जवानों, कस्टम व पुलिसकर्मियों के साथ की गांव में छापा डाला गया। जहां बताए गए घर की पहचान कर तलाशी ली गई।

इस दौरान घर में छुपाकर रखी गई 83 बोरी विदेशी मटर बरामद की गई। जहां से आरोपित गजेंद्र यादव निवासी छितौना को मटर सहित कस्टम को सौंप दिया गया। साथ ही उसे पांच लाख रुपये के निजी अनुबंध के तहत पाबंद किया गया है।



डुमरी गांव के एक घर में नेपाल से तस्करी कर लाई गई मटर भरी बोरियां बरामद हुई। इस दौरान मौजूद निचलौल एसडीएम प्रमोद कुमार, एसएसबी व कस्टम की टीम। संवाद न्यूज एजेंसी

# जिले में कोई भी पॉजिटिव नहीं मिला

**महराजगंज।** जिले में सोमवार को कोई पॉजिटिव केस नहीं मिला है। जबकि तीन लोगों ने कोरोना से जंग जीत लिया है। अब तक जिले में कुल केस बढ़कर 13,360 हो चुके हैं। जिसमें सक्रिय केस 9 है। वहीं मरने वालो की संख्या 136 है। अब तक स्वस्थ होने वालों की संख्या बढ़कर 12218 हो चुकी है। सोमवार को 585 सैंपल जांच के लिए भेजा गया है। यह जानकारी उप मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. आईए अंसारी ने दी। उन्होंने बताया कि जिले में कोरोना से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया जा रहा है। संवाद

# सास-बहू को पीटने पर केस दर्ज

**नौतनवां।** थाना क्षेत्र के बैरवां भरपुरवा निवासी कुसुमलता ने थाने में तहरीर देकर गांव के ही दो युवकों एवं उनके पिता पर मारने-पीटने का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि गांव में उनकी फूस की झोपड़ी है। शनिवार की रात गांव के ही कुछ लोग झोपड़ी के नजदीक पटाखे फोड़ रहे थे, जब उनकी सास ने घर के पास आतिशबाजी करने से मना की तो उक्त लोग आवेश में आ गए। आरोप है कि नाराज लोगों ने मारा-पीटा। प्रभारी निरीक्षक राजेश कुमार पांडेय ने मामले में तीन व्यक्तियों के खिलाफ मारपीट व गाली देने की धारा के तहत एनसीआर दर्ज होने की पुष्टि की। संवाद

# युवक को पिस्टल लेकर दौड़ाने के मामले में केस

संवाद न्यूज एजेंसी

## अवैध असलहा रखने के मामले में दर्ज किया गया मुकदमा

**निचलौल।** थाना क्षेत्र के कोहड़वल गांव के पोखरे पर रविवार की शाम करीब छह बजे बाजार में मछली खरीद रहे एक युवक को एक असलहाधारी व्यक्ति द्वारा गोली मारने के लिए दौड़ा लिया था। इस मामले में पुलिस ने रविवार देर रात को आरोपित व्यक्ति के खिलाफ मारपीट व अवैध असलहा रखने के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया।

रविवार की शाम करीब पांच बजे कोहड़वल गांव के टोला सिसवाडिह निवासी जितेंद्र यादव अपने एक साथी सतीश यादव निवासी रैतार के साथ कोहड़वल पोखरे पर लगने वाली बाजार में मछली की खरीदारी कर रहे थे। इसी बीच अचानक कार से पहुंचे रविन्द्र कुमार पांडेय निवासी कोहड़वाल गांव के टोला सिसवाडीह ने पिस्टल लेकर जितेंद्र को मारने के लिए दौड़ा लिया। जिसके बाद आरोपित को किसी तरह पकड़ कर पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंच कर आरोपित के पास से एक अवैध पिस्टल व तीन कारतूस बरामद हुआ है। इस मामलें में पीड़ित जितेंद्र यादव की तहरीर पर आरोपित रविन्द्र पांडेय के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। कार्रवाई की पुष्टि इंस्पेक्टर निर्भय सिंह ने की।


सोनौली बॉर्डर पर लोगों की गहनता से जांच की गई। संवाद न्यूज एजेंसी


सशस्त्र सीमा बल 66वीं वाहिनी के जवानों ने मुरदहिया घाट पर गश्त की।

# नेपाल से लगती भारतीय सीमा पर बरती जा रही विशेष सतर्कता

## लखनऊ में आतंकियों के पकड़े जाने के बाद जारी किया गया है अलर्ट

संवाद न्यूज एजेंसी

**महराजगंज।** लखनऊ में आतंकियों के पकड़े जाने के बाद भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट जारी किया गया है। भारत-नेपाल के सोनौली बॉर्डर सहित ठूठीबारी सीमा पर निगरानी तेज की दी गई है। मुख्य बॉर्डर से लेकर नदी घाटों और पगडंडियों पर जवानों की संख्या बढ़ाते हुए 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है। सरहद पर नेपाल से आने वाले प्रत्येक लोगों की तलाशी लेने के साथ आईडी की जांच की जा रही है।

रविवार की रात में लखनऊ में एटीएस द्वारा दो संदिग्ध आतंकियों के पकड़े जाने के बाद भारत-नेपाल सीमा पर पुलिस और जवानों को अलर्ट कर दिया गया है। एसएसबी के अलावा सुरक्षा एजेंसियां चौकस हैं। सीमा से जुड़े सभी रास्तों पर गश्त बढ़ा दी गई है। नाइट विजन कैमरे से लैस एसएसबी जवान सुरक्षा में जुटे हुए हैं।

सोनौली बार्डर हमेशा से संवेदनशील रहा है। इस बॉर्डर पर कई बार आतंकी भी पकड़े जा चुके हैं। इन घटनाओं को देखते हुए सीमा पर एसएसबी के जवान चौकसी बरत रहे हैं। सीसी कैमरों से नेपाल से आने वाले लोगों की निगहबानी की जा रही है। आने-जाने वालों की सख्त जांच करने के आदेश दिए हैं।

**नेपाली पुलिस भी चौकन्नी :** लखनऊ में संदिग्ध आतंकी पकड़े जाने के बाद जहां भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा सख्त हो गई है। वहीं नेपाल पुलिस ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। सरहद पर भारत से नेपाल आने वाले लोगों की पूछताछ के साथ परिचय पत्र की भी जांच की जा रही है। सीमा पर दोनों देशों की पुलिस संयुक्त गश्त कर रही है। रूपनदेही डीएसपी सत्यनारायण थापा ने बताया कि नेपाल में कोरोना के कारण भारतीय नागरिकों के प्रवेश पर रोक है। भारतीय पुलिस के साथ संयुक्त गश्त किया जा रहा है।


सीओ निचलौल के नेतृत्व में कोतवाली पुलिस व एसएसबी के जवानों ने ठूठीबारी बॉर्डर पर चेकिंग अभियान चलाया।

## सिद्धार्थनगर में भी बॉर्डर पर बढ़ाई गई चौकसी

संवाद न्यूज एजेंसी

**सिद्धार्थनगर।** नेपाल से बैठकर आतंकी भारत विरोधी गतिविधियों को संचालित करते हुए पकड़े जा चुके हैं। इंडिया मुजाहिद्दीन से जुड़े आतंकियों के पकड़े जाने और पूछताछ के बाद भारत विरोधी गतिविधियों की बात सामने आ चुकी है। इस बीच रविवार को लखनऊ के काकोरी इलाके में आतंकी संगठन अलकायदा से जुड़े दो आतंकियों को पकड़ा गया है। इसके बाद एक बार फिर भारत-नेपाल सीमा पर सतर्कता बढ़ा दी गई है। देर रात तक सुरक्षा एजेंसी और सीमावर्ती थानों की पुलिस ने चेकिंग की।

### सीमावर्ती क्षेत्र से पकड़े जा चुके हैं आतंकी

भारत-नेपाल की 68 किलोमीटर सीमा पूरी तरह से खुली है। दोनों देशों के लोग बिना रोकटोक आते-जाते हैं। इस खुली सीमा पर देश विरोधी गतिविधियां चलाने वालों की नजर पड़ गई। नेपाल में बैठकर आतंकी देश विरोध कार्य आसानी से संचालित करते हैं। कई आतंकियों के पकड़ने जाने के बाद भारत-नेपाल सीमा से कनेक्शन जुड़े मिले हैं। देश के किसी भी हिस्से में आतंकियों के पकड़ने के बाद सीमा पर सतर्कता बढ़ जाती है। लखनऊ के काकोरी इलाके में यूपी एटीएस की कार्रवाई में आतंकी संगठन अलकायदा से जुड़े दो कुख्यात आतंकी पकड़े गए हैं।

इनके पास से कुकर बम और अन्य विस्फोट मिले थे। साथ ही कुछ हैंडलर भी होने की आशंका व्यक्त की गई है। इसके बाद अलर्ट जारी हो गया है। इस बाबत एएसपी सुरेशचंद रावत ने बताया कि सतर्कता बरती जा रही है। सीमावर्ती थानों को अलर्ट कर दिया गया है। हर संदिग्धों पर नजर रखने के लिए कहा गया है।

नेपाल की 84 किलोमीटर खुली सीमा चुनौतीपूर्ण है। जिसमें नदी घाट के साथ सैकड़ों पगडंडी रास्ते हैं। जिस पर सतर्कता बरतने के लिए पुलिस एसएसबी के साथ 24

> सीमावर्ती क्षेत्र के सभी थानों को सतर्क कर दिया गया। बैरियर लगाकर सघन जांच शुरू करने के साथ ही सीमावर्ती क्षेत्र में निगरानी बढ़ा दी गई है। पगडंडियों पर विशेष नजर है। सीमावर्ती क्षेत्र में किराएदारों का सत्यापन भी शुरू करा दिया गया।
> – प्रदीप गुप्ता, एसपी

BASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-07-2021

# लालगंज में तीन वांछित गिरफ्तार

**बस्ती।** लालगंज पुलिस ने मुकदमे में वांछित तीन आरोपितों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस कार्यालय के अनुसार बलवा, मारपीट समेत अन्य धाराओं में इसी थाने के बानपुर निवासी संदीप कुमार यादव, अश्वनी यादव उर्फ झिन्नू व सुजीत कुमार यादव आरोपी हैं। इन तीनों को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया।

# दो वांछित आरोपितों को पुलिस ने दबोचा

**बस्ती/ परसरामपुर।** परसरामपुर पुलिस ने सोमवार को प्राणघातक हमला समेत अन्य धाराओं में वांछित दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस के अनुसार 11 जुलाई 2021 को रामसूरत निवासी रायपुर ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बाउंड्री का कार्य कराते समय विपक्षियों ने फावड़ा, कुदाल, सरिया व लाठी-डंडा लेकर अचानक जानलेवा हमला कर दिया। इसमें रामसुरत के भाई बासुदेव के सिर में गहरी चोट पहुंची। उन्हें बचाने गई मां सुभागा देवी व शिवम को भी मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी गई। थाना प्रभारी के अनुसार जांच में घटना सत्य मिलने पर मुकदमा कायम कर लिया गया।

सोमवार को मुखबिर की सूचना पर एसआई पवन कुमार मिश्रा की टीम ने आरोपी रतिराम व राजेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया।

# पत्नी को जलाने वाला गिरफ्तार

**बस्ती/परसरामपुर।** परसरामपुर पुलिस ने दहेज के लिए एक विवाहिता को जलाकर मार डालने के आरोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। थाना प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि मृतका के भाई की तहरीर पर आरोपी शिव सहाय के खिलाफ दहेज हत्या समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया था।

गौर थाना क्षेत्र के पिपरा कपूरी निवासी रामगुलाम की बेटी सुमन की शादी परसरामपुर थाना क्षेत्र के खेमराजपुर निवासी शिव सहाय पुत्र बजरंगी लाल के साथ हुई 11 जून 2019 को हुई थी। आठ जुलाई को संदिग्ध परिस्थितियों में आग झुलस कर सुमन की मौत हो गई थी। ससुराली इसे आत्महत्या बता रहे थे।

9 जून को भिटिया में सराफे की दुकान को बनाया था निशाना

# पुलिसकर्मी बन जेवरात ले भागने वाला गिरफ्तार

बस्ती/वाल्टरगंज | **हिन्दुस्तान टीम**

सराफा की दुकान से पुलिसकर्मी बनकर सोने के जेवरात उड़ाने वाले फर्रूखाबाद जिले के शातिर टप्पेबाज को बस्ती की वाल्टरगंज पुलिस ने रविवार को गिरफ्तार कर लिया। घेराबंदी के दौरान भागने की कोशिश में उसने पुलिस टीम पर फायरिंग भी की। इसमें सिपाही बाल-बाल बचा। वारदात में शामिल गैंग लीडर समेत उसके दो अन्य साथियों की भी धरपकड़ में पुलिस जुट गई है।

एसपी आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के भिटिया के पास 9 जून 2021 को सराफा की दुकान से जेवर लेकर भागने वाले बदमाशों को ट्रेस करने में पुलिस जुटी थी। जांच में फर्रूखाबाद के एक गैंग के शामिल होने की बात सामने आने के बाद से पुलिस शातिरों के पीछे पड़ी थी। एसपी के अनुसार इस गैंग का मासूम अली उर्फ सोयब निवासी घेर शामु खान ठंडी सड़क थाना कोतवाली, जनपद फर्रूखाबाद फिर से बस्ती में वारदात करने के मकसद से आया था। आरोपी सियरापार की तरफ भागते वक्त रामजानकी मन्दिर गायघाट के पास सड़क पर अनियंत्रित होकर गिर गया और पुलिस ने दबोच लिया।

**टीम में ये शामिल रहेः** धरपकड़ करने वाली टीम में थानाध्यक्ष वाल्टरगंज दुर्विजय, एसआई ललितकान्त यादव, हेड कांस्टेबल राघवेन्द्र पाण्डेय, लालदेव यादव, प्रदीप सिंह, कांस्टेबल रंजीत कन्नौजिया, विकास यादव शामिल रहे।



सोमवार को वाल्टरगंज पुलिस की गिरफ्त में टप्पेबाजी का आरोपी।

## फरार है गैंग का लीडर

आरोपी मासूम अली ने बताया कि गैंग का लीडर उसके गांव का ही रहने वाला निसार है। हम लोग घूम-घूमकर ज्वेलरी की छोटी दुकान पर जाकर दुकान मालिक को बातों में उलझाकर धोखे से आभूषण लेकर भाग जाते हैं। रात में सुनसान इलाके की दुकानों का ताला तोड़कर आभूषणों की चोरी भी करते हैं।

## एसपी बताकर कराई थी दुकानदार से बात

सादे कपड़े में आए बदमाश खुद को पुलिस विभाग का कर्मी बताते हुए बोले कि लो एसपी से बात करो। उनकी पत्नी को जेवर खरीदना है। एसपी का फोन समझ दुकानदार ने बात की और दोनों को जेवर दिखाने लगा था। इसी दौरान वे जेवर लेकर भाग गए।

# नष्ट किया गया छापेमारी में बरामद कच्ची

**परशुरामपुर :** सोमवार को परशुरामपुर में हर्रैया तहसील के नायब तहसीलदार निखिलेश कुमार चौधरी की उपस्थिति में आबकारी व पुलिस की टीम की छापेमारी में बरामद करीब 1000 लीटर कच्ची शराब नष्ट की गई। पुलिस ने यह शराब इस वर्ष विभिन्न स्थानों से बरामद की थी।

# दहेज हत्या के मामले में वांछित गिरफ्तार

**जासं, बस्ती:** परशुरामपुर पुलिस ने दहेज हत्या में वांछित को गिरफ्तार किया है।

उप निरीक्षक दिलीप कुमार चौधरी व उनकी टीम ने दहेज हत्या के मामले में वांछित शिवसहाय निवासी ग्राम खेमराजपुर थाना परशुरामपुर को सोमवार की सुबह उसके घर से ही गिरफ्तार न्यायालय रवाना किया गया।

## 490 को पहली तो 103 को लगी दूसरी डोज

**इटवा:** सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र इटवा के अलावा ब्लाक क्षेत्र में सात स्थानों पर टीकाकरण के लिए शिविर लगाए गए।

# ईरानी गिरोह के सदस्य को दबोचा

**जागरण संवाददाता, वाल्टरगंज :** भिटिया-हरदिया मार्ग पर वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के सियरापार गांव के समीप रविवार की देर रात पुलिस से हुई मुठभेड़ में ईरानी गिरोह का एक सदस्य पकड़ा गया है। उसके पास से एक तमंचा व कारतूस बरामद हुआ है।

रात 11 बजे वाल्टरगंज थानाध्यक्ष दुर्विजय पुलिस टीम के साथ सियरापार गांव के निकट वाहनों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान संदेह के आधार पर पैदल आ रहे एक व्यक्ति को पुलिस ने टोका तो वह पीछे मुड़कर भागने लगा। पीछा करने पर उसने पुलिस टीम पर तमंचा से फायर कर दिया। गोली आरक्षी रंजीत कन्नौजिया के बगल से निकल गई। इसके बाद पुलिस ने उसे दौड़ाकर रामजानकी मंदिर गायघाट के पास से दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मासूम अली उर्फ सोयब अली निवासी घेरशामू खान ठंडी सड़क, कोतवाली व जनपद फर्रुखाबाद बताया। उसने स्वीकार किया कि उसका एक गिरोह। गिरोह के सदस्य घूम-घूमकर दुकान के मालिक को



वाल्टरगंज पुलिस की गिरफ्त में टप्पेबाज ● सौ.पुलिस विभाग

**कार्रवाई**

- **सियरापार गांव के पास हुई मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार**
- **नौ जून को आभूषण की दुकान से ले उड़ा था जेवर**

अपनी बातों में उलझाकर धोखे से उनका सोने का आभूषण उड़ा देते हैं। रात में मौका पाकर सोने कि दुकानों का ताला तोड़कर आभूषणों को चोरी भी करते हैं। गिरोह में उसके ही गांव के निसार व वसीम शामिल हैं। निसार गैंग का लीडर है। बताया कि नौ जून को की सुबह 10 बजे के करीब वाल्टरगंज थाने भिटिया तिराहे पर स्थित आभूषण की दुकान से जेवर लेकर फर्रुखाबाद भाग गए थे। आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी, पुलिस पर जानलेवा हमला व आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया है।

एसओ दुर्विजय ने बताया कि पकड़ा गया टप्पेबाज ईरानी गिरोह का सदस्य है। यह गिरोह अपने आपको पुलिसकर्मी बताकर दुकानदारों को झांसे में लेते हैं और बाद में घटना को अंजाम देकर भाग जाते हैं।



जागरण पंचवटी अभियान में पुलिस सहायता केंद्र महसों में बेल का पौधा रोपित करते उप निरीक्षक विनय प्रताप सिंह कांस्टेबल गजेंद्र प्रताप सिंह व राम सिंह यादव ● जागरण



साऊंघाट के परसालालशाही में अशोक का पौधा लगाते ग्राम प्रधान अरविन्द चौधरी व फैयाज ● जागरण



हर्रैया बीआरसी परिसर मे आंवला का पौधा रोपित करते वन रक्षक प्रेमप्रकाश ● जागरण

# हर्रैया क्षेत्र से लापता हुआ किशोर लखनऊ में मिला

संवाद न्यूज एजेंसी

**हर्रैया।** नदायें गांव से लापता किशोर सोमवार देर शाम लखनऊ के चारबाग के एक होटल में सकुशल मिल गया। परिवार वालों के साथ हर्रैया थाने की पुलिस टीम उसे वापस ला रही है।

प्रभारी निरीक्षक विंदेश्वरी मणि त्रिपाठी ने बताया कि एसआई आशुतोष शुक्ल की टीम उसकी खोज में लखनऊ गई थी। अभी बालक से ज्यादा पूछताछ नहीं हो पाई है। थाने लाए जाने के बाद पूरी जानकारी मिल सकेगी। पहली जुलाई को दोपहर बाद करीब तीन बजे खेत में कार्य करके घर लौट रहा नदायें निवासी कांशीराम निषाद का 14 वर्षीय बेटा श्याम रहस्यमय परिस्थितियों में लापता हो गया था। सुबह करीब साढ़े छह बजे श्याम ने मोबाइल फोन से अपने अपहरण की सूचना दी।



नदायें गांव से लापता किशोर (बीच में) लखनऊ में पुलिस को मिल गया। संवाद न्यूज एजेंसी

बताया कि विशेसरगंज मार्ग पर भुसड़िया गांव के सामने सड़क पर उसे दो अज्ञात लोग आंख में पट्टी बांधकर उठा लिए। उसके बाद मोबाइल फोन ऑफ हो गया। उसके बाद पुलिस को उसकी आखिरी लोकेशन लखनऊ में मिली थी। उसके बाद से लगातार उसकी खोजबीन चल रही थी।

# सिपाही बन टप्पेबाजी करने वाला गिरफ्तार

## एसपी की पत्नी को जेवरात दिखाने के बहाने गहने लेकर भागा था

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** खुद को सिपाही बताकर एसपी की पत्नी को जेवर दिखाने के बहाने वाल्टरगंज थाना क्षेत्र के भिटिया तिराहा से नौ जून को दुकान से गहना लेकर भागा टप्पेबाज रविवार रात पुलिस के हत्थे चढ़ गया। पुलिस से घिरने के बाद उसने फायर कर भागने की कोशिश की, लेकिन गिर पड़ा। उसके बाद पुलिस ने उसे पकड़ लिया। उनके पास से करीब डेढ़ हजार रुपये नकद और असलहा बरामद किया गया है।

सीओ सिटी शक्ति सिंह ने बताया कि पूछताछ में आरोपित मासूम अली उर्फ सोयब अली निवासी घेर शामु खान ठंडी सड़क, थाना कोतवाली, जनपद फर्रुखाबाद ने बताया कि उसके गैंग में और भी साथी हैं। वे घूम-घूमकर छोटे-छोटे सोने की दुकान पर जाकर दुकान के मालिक को अपनी बातों में उलझाकर धोखे से आभूषण लेकर भाग जाते हैं। रात में सुनसान इलाके के सोने कि दुकानों के ताले तोड़कर आभूषणों की चोरी भी करते हैं। गैंग में निसार और वसीम भी शामिल हैं। दोनों फर्रुखाबाद के ही हैं। निसार इस टप्पेबजी गैंग का लीडर है। गिरफ्तार किए गए टप्पेबाज ने पुलिस के सामने कबूल किया कि नौ जून को दिन में करीब 10 बजे भिटिया तिराहे के पास स्थित सोने की दुकान के मालिक को अपनी बातों में उलझाकर कुछ आभूषण देकर वह और उसके साथी फर्रुखाबाद भाग गए थे। नसीम व वसीम भी उनके साथ थे। रविवार की रात में भी वह गहनों की दुकान की तलाश में निकला था, लेकिन पकड़ा गया। सीओ ने बताया कि नसीम और वसीम की सरगर्मी से तलाश की जा रही है।

### वाल्टरगंज के भिटिया चौराहे पर नौ जून को हुई थी घटना

### पकड़ा गया आरोपित फर्रुखाबाद का निवासी



वाल्टरगंज पुलिस ने पकड़ा टप्पेबाज। *संवाद न्यूज एजेंसी*

# जानलेवा हमले में दो आरोपित गिरफ्तार

**परशुरामपुर।** पुलिस ने सोमवार को प्राणघातक हमला समेत अन्य धाराओं में वांछित दो आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया है। वांछित रतिराम और राजेंद्र निवासी रायपुर थाना परसरामपुर को सिकंदरपुर-चौरी मार्ग के पास से गिरफ्तार कर चालान कर दिया गया। थाना प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि 11 जुलाई को रामसूरत निवासी रायपुर ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि बाउंड्री का कार्य कराते समय विपक्षियों ने फावड़ा, कुदाल, सरिया और लाठी-डंडा लेकर अचानक जानलेवा हमला कर दिया। इसमें रामसूरत के भाई बासुदेव के सिर में गहरी चोट पहुंची। बचाने गई मां सुभागा देवी और शिवम को भी पीटकर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी भी दी गई। *संवाद*

# पत्नी को जलाकर मारने का आरोपित गिरफ्तार

संवाद न्यूज एजेंसी

**परशुरामपुर।** दहेज के लिए पत्नी को जलाकर मार डालने के आरोपित को पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार कर लिया। मृतका के भाई की तहरीर पर आरोपित शिव सहाय पर दहेज हत्या समेत अन्य आरोपों में केस दर्ज किया गया था। सोमवार को टीम ने उसे घर से गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

गौर थाना क्षेत्र के पिपरा कपूरी निवासी रामगुलाम की बेटी सुमन (24) की शादी परशुरामपुर थाना क्षेत्र के खेमराजपुर निवासी शिव सहाय के साथ 11 जून 2019 को हुई थी। आठ जुलाई को संदिग्ध परिस्थितियों में आग से झुलसकर सुमन की मौत हो गई। सुमन के भाई अरविंद ने आरोप लगाया था कम दहेज के लिए उनकी बहन को प्रताड़ित करने और डीजल डालकर शिव सहाय ने जला दिया था। थाना प्रभारी राजेश कुमार मिश्रा ने बताया कि तहरीर के आधार पर शिवसहाय पर मुकदमा दर्ज हुआ था।

# एटीएस से साधा संपर्क, कई संदिग्ध ठिकानों पर नजर

संवाद न्यूज एजेंसी

**बस्ती।** लखनऊ में अलकायदा से जुड़े आतंकियों की गिरफ्तारी के चलते अपना जिला भी संवेदनशील सूची में शामिल है। अयोध्या की सीमा से सटे होने के कारण यह यहां भी पुलिस तंत्र और एटीएस की सक्रियता बढ़ गई है।

जिले में गठित स्पेशल टास्क फोर्स ने एटीएस से संपर्क साधने के बाद जिले के कई संदिग्ध ठिकानों पर नजर जमाए हुए है। संदिग्धों को इनपुट के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम निशाने पर रखे हुए है। अयोध्या से सटे जिले के सीमाई इलाकों में सूचनाएं एकत्रित की जा रही हैं। हालांकि अब तक कहीं से कोई गिरफ्तारी नहीं हुई है, मगर स्पेशल टीम लगातार फील्ड में अपना काम कर रही है। अयोध्या से सटा होने के कारण अपना जिला संवेदनशील की श्रेणी में है। लखनऊ में पकड़े

### संदिग्धों के बारे में मिले इनपुट के आधार पर क्राइम ब्रांच की टीम लगी

### अयोध्या के आसपास के सीमाई इलाकों से एकत्रित की जा रहीं सूचनाएं

सामान से कुछ ऐसे भी तथ्य एटीएस के संज्ञान में आए हैं, जो अयोध्या से जुड़े हैं। इन स्थितियों के बाद एसपी आशीष श्रीवास्तव ने अयोध्या से सटे जिले के सीमाई इलाकों में पुलिस को सतर्क रहने के निर्देश दिए हैं। इधर जिले एसपी ने तीन स्पेशल टास्क फोर्स गठित कर उन्हें इनपुट के आधार पर संदिग्ध ठिकानों और लोगों पर नजर रखने के निर्देश दिए हैं। एसपी ने कहा कि क्राइम ब्रांच तथा स्पेशल टास्क फोर्स लगातार संपर्क में है। सूचनाओं को एकत्रित किया जा रहा है। किसी भी गतिविधि पर पुलिस तत्काल कार्रवाई के लिए

# SIDDHARTH NAGAR POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-07-2021

# सपा के 14 नामजद व 20 अज्ञात पर केस दर्ज

**इटवा।** भाजपा के ब्लाक प्रमुख प्रत्याशी के पति राम पाल चौधरी की तहरीर पर पुलिस ने समाजवादी पार्टी के 14 नामजद तथा बीस अज्ञात लोगों के विरुद्ध बलवा सहित कई अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है।

**ब्लाक प्रमुख के नामांकन में हुआ था बवाल**

गत आठ जुलाई को इटवा ब्लाक प्रमुख पद के नामांकन में भाजपा व सपा के लोगों के बीच में झगड़ा हुआ था। भाजपा प्रत्याशी राधा देवी के पति रामपाल चौधरी ने इस संबंध में इटवा थाने पर तहरीर दिया। जिसमें उन्होंने आरोपियों द्वारा पुरानी बात को लेकर मारने पीटने,गाली देने व हमला करने ,जान माल की धमकी देने, धारा 144 के उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। प्राप्त तहरीर के आधार पर इटवा पुलिस ने के के चौधरी,व्यास पांडेय,कीर्ति शुक्ल, रियाज, पंकज तिवारी,अब्दुल लतीफ, अमित दुबे,महेंद्र पाल यादव, राजेन्द्र जायसवाल, विजय दास,अब्दुल बुखारी,नजीर, राजदेव सहित 14 नामजद व बीस अज्ञात लोगों के विरुद्ध धारा 147, 148, 149, 2352, 323, 504,506,188 आई पी सी के तहत मुकदमा दर्ज किया है

# बवाल पर 13 नामजद, 20 अज्ञात पर केस

## कार्रवाई

## नामांकन में बवाल

- भाजपा प्रत्याशी की तहरीर पर दर्ज हुआ केस, जांच में जुटी पुलिस
- भाजपा की प्रमुख प्रत्याशी के पति ने दर्ज कराया मुकदमा, छानबीन शुरू

इटवा | **हिन्दुस्तान संवाद**

इटवा ब्लॉक गेट के सामने प्रमुख चुनाव के नामांकन के दिन हुए बवाल को लेकर भाजपा प्रत्याशी के पति की तहरीर के आधार पर इटवा थाना की पुलिस ने 13 नामजद व 20 के खिलाफ मारपीट व धमकी देने का आरोप लगाते हुए केस दर्ज कराया है। पुलिस केस दर्ज कर मामले की छानबीन कर रही है।

भाजपा प्रत्याशी राधा देवी के पति रामकृपाल चौधरी ने इटवा थाना पर तहरीर देकर आरोप लगाया है कि वह 8 जुलाई को दिन में एक बजे इटवा ब्लॉक के पास पहुंचे तो उन्हें अपशब्द कहते हुए मारापीटा गया और जान से मारने की धमकी दी है। उन्होंने इसके लिए 13 लोगों को नामजद कराते हुए 20 अज्ञात के खिलाफ कार्रवाई की मांग की थी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर कृष्ण कुमार, व्यास पांडेय, कीर्ति शुक्ल, रियाज, पंकज तिवारी, अब्दुल लतीफ, अमित दुबे, महेंद्र पाल यादव, राजेंद्र जायसवाल, विजय दास, अब्दुल मुखारी, नजीर, राजदेव व 20 अज्ञात के खिलाफ धारा 147, 148, 149, 352, 323, 504, 506 व धारा 188 के तहत केस दर्ज कर छानबीन कर रही है।

एएसपी सुरेश चंद्र रावत का कहना है कि तहरीर के आधार पर केस दर्ज कर मामले की छानबीन की जा रही है। किसी भी निर्दोष के खिलाफ कार्रवाई नहीं होगी। सब कुछ निष्पक्ष होगा।

# इटवा में हुए नामांकन के विवाद में 33 लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज

जासं, सिद्धार्थनगरः इटवा में ब्लाक प्रमुख चुनाव के नामांकन के दौरान आठ जुलाई को हुए विवाद में पुलिस ने रविवार की देर रात 33 लोगों के खिलाफ गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इनमें 13 लोगों को नामजद आरोपित बनाया गया है। जबकि 20 अज्ञात के खिलाफ भी मुकदमा दर्ज किया गया है।

चुनाव में नामांकन दाखिल करने के दौरान सपा व भाजपा समर्थकों के बीच मारपीट की घटना हुई थी। सकतपुर निवासी राम कृपाल ने पुलिस को तहरीर देकर लाठी, डंडा, ईंट पत्थर से मारपीट का आरोप

**• आठ जुलाई को हुआ था बवाल, 13 नामजद व 20 अज्ञात के खिलाफ पुलिस ने दर्ज किया केस**

लगाया था। कहा कि विवाद के दौरान बीच बचाव करने के दौरान गुड्डू यादव,लाल बहादुर को भी चोंटे आई हैं। तहरीर में कहा कि कृष्ण कुमार, व्यास पांडेय,कीर्ति शुक्ला पहले से खार खाए हुए थे। इन लोगों ने हमला करते हुए जान से मारने की कोशिश की। इनके साथ रियाज, पंकज तिवारी, अब्दुल लतीफ, अमित दूबे, महेंद्र पाल यादव, राजेंद्र जायसवाल,विजय दास, अब्दुल बुखारी,नजीर, गंगाराम समेत 20 अन्य लोगों ने लाठी डंडे से मारकर हम लोगों को घायल कर दिया। सीओ रमेश कुमार पांडेय ने बताया कि मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

# पूर्व विधानसभा अध्यक्ष के पक्ष के 33 लोगों पर केस

## ब्लॉक प्रमुख नामांकन के दौरान हुआ था बवाल

संवाद न्यूज एजेंसी

**पर्चा दाखिला के दौरान विवाद के मामले में इटवा पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा**

**भाजपा प्रत्याशी रहीं राधा चौधरी के पति की तहरीर पर दर्ज हुआ मुकदमा**

**सिद्धार्थनगर।** ब्लॉक प्रमुख पद के लिए इटवा में नामांकन दौरान विवाद करने के मामले में पुलिस ने भाजपा प्रत्याशी के पति की तहरीर पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय पक्ष के 13 नामजद सहित 33 लोगों पर बलवा, मारपीट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

ब्लॉक प्रमुख चुनाव में विजेता हुईं पूर्व विधानसभा अध्यक्ष की पत्नी सूर्यमती पांडेय के सामने भाजपा प्रत्याशी रहीं राधा चौधरी के पति रामकृपाल चौधरी की तहरीर पर मुकदमा दर्ज किया गया है।

इटवा में ब्लॉक प्रमुख पद के लिए नामांकन के दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय से पर्चा छीने जाने के बाद धक्कामुक्की हुई थी। इस मामले में तहरीर के अनुसार इटवा पुलिस ने राजदेव, कृष्ण कुमार चौधरी, कृति शुक्ला, व्यास पांडेय, पंकज तिवारी, अब्दुल लतीफ, अमित दुबे, महेंद्र पाल यादव, राजेंद्र जायसवाल, विजय दास, अब्दुल बुखारी, नजीर के अलावा 20 अन्य लोगों पर बलवा, मारपीट, महामारी एक्ट सहित अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। इसके बाद मामले की छानबीन शुरू कर दी है। प्रभारी निरीक्षक इटवा ज्ञानेंद्र राय ने बताया कि 13 नामजद सहित 33 लोगों पर केस दर्ज करके मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मुकदमा दर्ज कराना दुर्भाग्यपूर्ण

**पूर्व विधान**सभा अध्यक्ष माता प्रसाद पांडेय ने कहा कि पुलिस ने उनके समर्थकों के खिलाफ एक पक्षीय कार्रवाई की है। उनके ही हाथ से पर्चा छीना गया और उनकी पत्नी के साथ धक्का मुक्की की गई। अब मुकदमा दर्ज हुआ है तो कानूनी प्रक्रिया का पालन किया जाएगा।

SANT KABEER NAGAR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-07-2021

# कट्टा व कारतूस बरामद, युवक धराया

मगहर(एसएनबी)। जनपद के पुलिस अधीक्षक डा. कौस्तुभ के निर्देश पर जिले में अपराधियों के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है।जिसके क्रम सोमवार मगहर के रेलवे स्टेशन तिराहे पर मगहर पुलिस ने एक युवक को एक अदद अवैध 315बोर का देशी तमंचा व एक अदद जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया है। चौकी इंचार्ज हरिनारायण दीक्षित ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में जिले के अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार की देर शाम को अपने हमराही सिपाहियों दीवान वशिष्ठ नारायण श्रीवास्तव, संजय सिंह व आनन्द दूबे के साथ गश्त पर निकलकर मगहर रेलवे स्टेशन रोड तिराहे पर वाहन एवं मास्क चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था तभी एक युवक पुलिस को देखकर भागने की फिराक में था। शक होने पकड़ लिया गया। उसकी जामा तलाशी लेने के दौरान युवक के पास से एक अदद देशी तमंचा 315बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। युवक की पहचान नौशाद अहमद निवासी धोबी टोला काजीपुर मगहर के रूप में हुई।जिसे गिरफ्तारकर सोमवार को आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया गया है।

# ग्राहक सेवा केन्द्र संचालकों के खिलाफ केस

**नाथनगर (एसएनबी)।** महुली थाना क्षेत्र के पिड़िया बाजार स्थित बैंक आफ बड़ौदा के प्रबंधक ने बैंक के दो ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालकों के खिलाफ महुली थाने में जालसाजी का मुकदमा दर्ज कराया है। नामजद दोनों ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालकों पर एक करोड़ पांच लाख के गमन का आरोप है। पुलिस को दी गई तहरीर में बैंक आफ बड़ौदा की पिड़िया शाखा के प्रबंधक एवं गोरखपुर के गोपालपुर थानान्तर्गत बढनी गांव निवासी मयंक सिंह पुत्र विरेन्द्र कुमार सिंह ने महुली पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि बैंक आफ बड़ौदा की पिड़िया शाखा से संबद्ध ग्राहक सेवा केन्द्र सुकरौली के संचालक थाना क्षेत्र के बरौली गांव निवासी इन्दल पुत्र रामललित व ग्राहक सेवा केन्द्र बेलहरा के संचालक धनघटा थाना क्षेत्र के गाईबसंतपुर गांव निवासी राधेश्याम पुत्र रामकरन द्वारा पीएमजेडीवाई के 2726 बचत खाते से बैंक के तत्कालीन शाखा प्रबंधक अखिलेश कुमार ओझा पुत्र स्व.श्रीनाथ ओझा निवासी ग्राम ओझौली थाना बड़हलगंज जनपद गोरखपुर के आईडी पासवर्ड का उपयोग कर पीएमजेडीवाई में कूटरचित आईडी का उपयोग कर बचत खाता खोल लिया। खोले गए बचत खातों में तरह-तरह की सरकारी योजनाओं की धनराशि जैसे छात्रवृत्ति, आवास, पीएम गरीब कल्याण योजना सहित अन्य कई योजनाओं के तहत एक करोड़ पांच लाख की धनराशि आई जिसका आहरण उक्त दोनों ग्राहक सेवा केन्द्र के संचालकों द्वारा कर लिया गया। 2726 पीएमजेडीवाई खातों में 609 खातों को तत्कालीन शाखा प्रबंधक के निजी एवं सार्वजनिक अवकाश के दौरान खोला गया था जिससे यह स्पष्ट होता है कि उक्त लोगों ने बैंक के विश्वास को भंग कर एक करोड़ पांच लाख की धनराशि का गमन किया है।

# एडीजी जोन की टीम ने थाने का किया निरीक्षण

**धर्मसिंहवा ( एसएनबी )**। धर्मसिंहवा थाने पर सोमवार को एडीजी जोन कार्यालय गोरखपुर की टीम थाना धर्मसिंहवा का औचक निरीक्षण करने पहुंची। टीम का मुख्य उद्देश्य बीट प्रणाली का गहन निरीक्षण रहा। थाने के हलके में तैनात समस्त पुलिस कर्मियों के बीट पुस्तकों को उन्होंने गहनता से जांचा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।



सोमवार को थाना धर्मसिंहवा का औचक निरीक्षण करने एडीजी जोन कार्यालय से उप निरीक्षक शशिकांत पांडेय और अशोक कुमार सिंह पहुंचे। एडीजी जोन गोरखपुर कार्यालय से उप निरीक्षक शशिकांत पांडेय ने सर्वप्रथम थाना परिसर का मुआयना किया। उन्होंने कहा कि अपराध नियंत्रण प्राथमिकता में शामिल करें। रात्रि गश्त प्रभावी होनी चाहिए। समय-समय पर थानावार सभी सम्प्रदाय के लोगों व ग्राम प्रधान तथा प्रभावी लोगों की बैठकें आयोजित की जानी चाहिए।

थाना कार्यालय के कोविड हेल्थ डेस्क, बंदीगृह, अभिलेख, बीट रजिस्टर, सीसीटीएनएस, शस्त्रागार, साफ सफाई, मालखाना, मैस, आवासीय थाना परिसर आदि को चेक किया। थाना प्रभारी को अभिलेख पूरा करने, उनके रखरखाव, हिस्ट्रीशीटर अपराधियों की निगरानी रखने और थाना परिसर को स्वच्छ रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि थाना क्षेत्र में लगातार गश्त कर अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई की जाए। महिला अपराध आदि पर रोकथाम बेहद जरूरी है। शौचालय की साफ सफाई करते रहने का निर्देश दिया। निरीक्षण के दौरान बीट पुलिसिंग पर दोनों अधिकारियों का फोकस रहा।एक-एक पुलिस कर्मियों के बीट पुस्तिका अवलोकन करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया। बीट के लोगों से समन्वय स्थापित करना, सूचना तंत्र को मजबूत करना एवं बिजटिंग कार्ड देने की सलाह दी। इस दौरान थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार यादव, उप निरीक्षक संतोष कुमार,बब्बन प्रसाद, लक्ष्मीकांत तिवारी, राधेश्याम सिंह, बाबूलाल देव मूर्ति, राधेश्याम गिरी, अर्जुन कन्नौजिया, आदित्य कुमार यादव, रोहित पांडेय, महिला कांस्टेबल पूजा, शिवांगी आदि लोग मौजूद रहे।

# पुलिस ने डेढ़ दर्जन से ज्यादा आरोपितों पर कसा शिकंजा

संतकबीरनगर | निज संवाददाता

जनपद पुलिस ने डेढ़ दर्जन से ज्यादा आरोपितों पर कानूनी कार्रवाई कर शिकंजा कसा। पुलिस मीडिया सेल से मिली जानकारी के अनुसार जनपद पुलिस ने अपराधियों के धर पकड़ के लिए अभियान चलाया। दुधारा पुलिस ने एक, धनघटा पांच, महुली तीन, बखिरा पांच और धर्मसिंहवा पुलिस ने दो आरोपित को दबोचकर शांति भंग की आशंका में चालान किया।

थाना दुधारा पुलिस ने एक पशु व एक बोगदा के साथ आरोपित अभियुक्त नाम पता साहेब आलम उर्फ सलाम पुत्र नसीर निवासी साफियाबाद को छपिया छितौना से गिरफ्तार किया। उसका एक साथी असाद उर्फ दिलशाद निवासी छपिया छितौना थाना दुधारा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पुलिस ने आरोपितों के विरुद्ध गोवध निवारण अधिनियम व पशु क्रूरता अधिनियम तथा आर्म्स एक्ट का मुकदमा पंजीकृत किया। पुलिस ने सभी आरोपितों को संबंधित न्यायालय प्रस्तुत करने के बाद जेल रवाना कर दिया।

# यातायात नियम तोड़ने पर कार्रवाई

संतकबीरनगर। जनपद पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने वाले 99 वाहनों पर कार्रवाई की।

पुलिस मीडिया सेल के अनुसार जिले की पुलिस ने वाहन चेकिंग अभियान चलाया। सभी थाना क्षेत्रों में स्थानीय पुलिस ने बैंक, वाहन एवं संदिग्ध व्यक्तियों की सघन जांच पड़ताल की। चेकिंग के दौरान समस्त एसओ एवं प्रभारी यातायात संयुक्त पुलिस टीम ने मोटर वाहन अधिनियम के अन्तर्गत कड़ी कार्रवाई करते हुए 99 वाहनों के स्वामियों से यातायात नियम का उल्लंघन करने के मामले में 86 हजार रूपए शमन शुल्क वसूल किया।

# हथियार के साथ युवक गिरफ्तार

**मगहर।** मगहर पुलिस ने गस्त के दौरान एक संदिग्ध युवक को पकड़ लिया। जिसके पास से एक अदद अवैध देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा 315 कारतूस मिले। जिसे गिरफ्तार कर आर्म्स एक्ट के तहत जेल भेज दिया है।

चौकी इंचार्ज हरिनारायण दीक्षित ने बताया कि पुलिस सधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के अंतर्गत रविवार की देर शाम को अपने हमराही सिपाहियों दीवान वशिष्ठनरायन श्रीवास्तव, दीवान संजय सिंह, दीवान आनन्द दूबे के साथ गश्त पर निकलकर मगहर रेलवे स्टेशन रोड तिराहे पर चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। तभी एक युवक पुलिस को देखकर भागने लगा। जामा तलाशी के दौरान युवक के पास से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। युवक की पहचान नौशाद अहमद निवासी धोबी टोला काजीपुर मगहर के रूप में हुई। उसे गिरफ्तार कर सोमवार को आर्म्स एक्ट के

# प्रधान समेत तीन नामजद व 150 अज्ञात पर केस

**संतकबीरनगर।** खलीलाबाद कोतवाली पुलिस ने एक पीडित की तहरीर पर ग्राम प्रधान समेत तीन नामजद व 150 अज्ञात के विरुद्ध बलवा, मारपीट, तोड़फोड़ अन्य धारा में अभियोग पंजीकृत किया।

कोतवाल मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि थाना क्षेत्र के कुर्थिया गांव निवासी कमलेश पांडेय ने अपने प्रार्थना पत्र के माध्यम से बताया कि पंचायत चुनाव में वोट न देने के वजह से कुछ लोग रंजिश रखते हैं। सुबह नौ बजे ग्राम प्रधान दूधनाथ, प्रधान भाई सालिकराम, संतोष कुमार अन्य 150 लोग घर पर चढ़कर गाली देते हुए प्रधान के ललकारने पर दीवाल को जबरदस्ती गिरा दिया। मना करने पर उक्त लोग मारने पीटने लगें। सभी ने घर में भी घुसकर तोड़फोड़ किया। ग्कोतवाल ने बताया कि पीड़त की तहरीर पर मामले में ग्राम प्रधान समेत सभी के विरुद्ध तहरीर के आधार पर सुसंगत धारा में अभियोग पंजीकृतकर अग्रिम कानूनी

# चोरी के सामान संग धराया

संतकबीर नगर : मैलानी निवासी राजकुमार को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी मनोज कुमार पांडेय ने बताया कि उसने जनवरी में दुकान का शटर तोड़कर एटीएम कार्ड, बाइक का रजिस्ट्रेशन पेपर, दुकान में रखा सामान और करीब 35000 रुपये चोरी कर लिया था। एटीएम कार्ड, रजिस्ट्रेशन पेपर व सामान बरामद किए गए।

# थाने का निरीक्षण का दिया निर्देश

जासं, धर्मसिहवा, संतकबीर नगर : धर्मसिंहवा थाने का एडीजी जोन गोरखपुर कार्यालय की टीम ने औचक निरीक्षण किया। जिसमें बीट प्रणाली, पुलिस कर्मियों के बीट पुस्तकों की गहनता से जांच करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

सोमवार को थाने का निरीक्षण करने उप निरीक्षक शशिकांत पांडेय व अशोक कुमार सिंह पहुंचे। इस दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय,बंदीगृह, मालखाना की गहनता से जांच की। निरीक्षण के दौरान बीट पुलिसिंग पर दोनों अधिकारियों का विशेष ध्यान रहा तथा एक-एक पुलिसकर्मी के बीट पुस्तिका का अवलोकन करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस दौरान थानाध्यक्ष जितेंद्र कुमार यादव व अन्य स्टाफ मौजूद रहे।

# चोरी के मामले में वांछित गिरफ्तार

संतकबीरनगर। कोतवाली पुलिस ने चोरी के मामले में वांछित चोर को सोमवार को गिरफ्तार किया। कलेक्ट्रेट चौकी इंचार्ज रजनीश राय ने बताया कि छह जनवरी को कृषि बीज भंडार में चोरी की घटना हुई थी।

इसी मामले में वांछित राजकुमार निवासी मैलानी कोतवाली को गिरफ्तार किया गया। पूर्व में 24 जनवरी को पकड़े गए चोर के साथी सिकंदर को गिरफ्तार किया गया था। उसी के कब्जे से चोरी का माल बरामद किया गया था। पकड़े गए आरोपी को जेल भेज दिया गया। ब्यूरो

# एक तस्कर गिरफ्तार दूसरा फरार

संतकबीरनगर। दुधारा पुलिस ने छपिया छितौना के पास से रविवार की देर शाम एक पशु तस्कर को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कार, गोवंशीय पशु, बोगदा बरामद किया।

एसओ विनय पाठक ने बताया कि पूछताछ में पकड़े गए तस्कर की पहचान साहेब आलम उर्फ सलाम साफियाबाद थाना दुधारा के रूप में हुई। पूछताछ में तस्कर ने बताया कि उसका साथी असाद उर्फ दिलशाद निवासी छपिया छितौना थाना दुधारा अंधेरे का फायदा उठाकर भाग गया। पकड़े गए तस्कर के खिलाफ कार्रवाई की गई। ब्यूरो

# एडीजी जोन की टीम ने किया थाने का निरीक्षण

## गोरखपुर की टीम ने धर्मसिंहवा थाने का जायजा लिया

संवाद न्यूज एजेंसी

**धर्मसिहवा।** सोमवार को एडीजी जोन कार्यालय गोरखपुर की टीम थाना धर्मसिंहवा का औचक निरीक्षण करने पहुंची। टीम का मुख्य उद्देश्य बीट प्रणाली का गहन निरीक्षण रहा। थाने के हलके में तैनात समस्त पुलिस कर्मियों की बीट पुस्तकों को उन्होंने गहनता से जांचा एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

सोमवार को थाना धर्मसिंहवा का औचक निरीक्षण करने एडीजी जोन कार्यालय से उप निरीक्षक शशिकांत पांडेय और अशोक कुमार सिंह पहुंचे। सर्वप्रथम उन्होंने थाना परिसर का मुआयना किया। उसके बाद कार्यालय, बंदीगृह, मालखाना को देखा। शौचालय की साफ-सफाई करते रहने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान बीट पुलिसिंग पर दोनों अधिकारियों का फोकस रहा। एक-एक पुलिस कर्मियों की बीट पुस्तिका का अवलोकन करते हुए गांव में चौपाल लगाने के लिए निर्देश दिए। बीट के लोगों से समन्वय स्थापित करना, सूचना तंत्र को मजबूत करना एवं विजिटिंग कार्ड देने की सलाह दी गई। थाना निरीक्षण में संतुष्ट दिखे। इस दौरान थानाध्यक्ष जीतेंद्र कुमार यादव, उप निरीक्षक संतोष कुमार, बब्बन प्रसाद, लक्ष्मीकांत तिवारी, राधेश्याम सिंह, बाबूलाल देव मूर्ति, राधेश्याम गिरी, अर्जुन कन्नौजिया, आदित्य कुमार यादव, रोहित पांडेय, महिला कांस्टेबल पूजा, शिवांगी आदि मौजूद रहीं।



धर्मसिहवा थाने पर जांच करती एडीजी की टीम। *संवाद न्यूज एजेंसी*

# आतंकवादियों के पकड़े जाने के बाद जिले में निगरानी बढ़ी

अमर उजाला ब्यूरो

### रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर हुई सघन चेकिंग

**संतकबीरनगर।** लखनऊ में आतंकी संगठन अलकायदा के दो आतंकवादियों के पकड़े जाने के बाद जिले की पुलिस की पुलिस सतर्क हो गई है। एसपी की ओर से रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन और भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर सघन चेकिंग अभियान चलाए जाने के निर्देश दिए गए।

एसपी डॉक्टर कौस्तुभ ने बताया कि वैसे तो पुलिस अक्सर चेकिंग अभियान चलाती रहती है। इधर, लखनऊ में आतंकी संगठन अलकायदा से जुड़े दो आतंकवादियों के पकड़े जाने से पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। इसके मद्देनजर जिले में भी विशेष सतर्कता बरती जा रही है। सीओ के निर्देशन में तीनों सर्किल में सघन चेकिंग अभियान चलाया गया भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग कराई गई।

इसमें संदिग्ध व्यक्तियों और वस्तुओं की जांच कराई गई। खलीलाबाद में सीओ अंबरीष भदौरिया, कोतवाल मनोज कुमार पांडेय, एसओ दुधारा विनय पाठक ने अपने-अपने सहयोगी पुलिस कर्मियों के साथ क्षेत्र में जांच की। जबकि धनघटा में सीओ अंशुमान मिश्र, एसओ धनघटा रोहित प्रसाद, एसओ महुली धर्मेंद्र सिंह ने जांच की। जबकि मेंहदावल में सीओ राम प्रकाश, एसओ मेंहदावल जयवर्द्धन सिंह, एसओ धर्मसिंहवा जितेंद्र यादव और एसओ बेलहर रणविजय सिंह ने अपने-अपने क्षेत्रों

# तमंचा, कारतूस के साथ युवक गिरफ्तार

मगहर। रविवार की देर शाम को मगहर रेलवे स्टेशन मोड़ तिराहे के पास से पुलिस ने तमंचा और कारतूस के साथ युवक को गिरफ्तार किया।

चौकी इंचार्ज हरिनारायण दीक्षित ने बताया कि पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत अपने सहयोगी दीवान वशिष्ठनरायन श्रीवास्तव, दीवान संजय सिंह, दीवान आनंद दूबे के साथ गश्त पर निकले थे। उसी दौरान मगहर रेलवे स्टेशन रोड तिराहे पर चेकिंग के दौरान युंवक पुलिस को देखकर भागने की फिराक में दिखा। जिसे दौड़ा कर पकड़ लिया गया। युवक के पास से एक अदद देशी तमंचा 315 बोर व कारतूस बरामद किया गया। युवक की पहचान नौशाद अहमद निवासी धोबी टोला काजीपुर मगहर के रूप

# 105 लाख गबन का आरोप, दो ग्राहक सेवा केंद्र संचालकों पर मुकदमा दर्ज

## महुली थाना क्षेत्र के बड़ौदा यूपी बैंक पिड़िया बाजार शाखा का मामला

संवाद न्यूज एजेंसी

**धनघटा।** महुली क्षेत्र के बड़ौदा यूपी बैंक पिड़िया बाजार शाखा से जुड़े दो ग्राहक सेवा केंद्र के संचालकों ने धोखाधड़ी करके 105 लाख रुपये का गबन कर लिया। ऐसा आरोप लगाते हुए शाखा प्रबंधक की ओर से सोमवार को दोनों ग्राहक सेवा केंद्रों के संचालकों के खिलाफ महुली थाने में जालसाजी का केस दर्ज कराया गया।

शाखा प्रबंधक मयंक सिंह पुत्र वीरेंद्र सिंह का आरोप है कि बड़ौदा यूपी बैंक पिड़िया बाजार शाखा का ग्राहक सेवा केंद्र सुकरौली के नाम से संचालित होता है। इसके संचालक बरौली गांव निवासी इंदल पुत्र राम ललित हैं। इसी तरह धनघटा क्षेत्र के गाईबंसतपुर निवासी राधेश्याम पुत्र राम करन बेलहरा के

### शाखा प्रबंधक ने दर्ज कराया केस, जांच में जुटी पुलिस

नाम से ग्राहक सेवा केंद्र संचालित करते हैं। इन दोनों लोगों ने मिलकर तत्कालीन शाखा प्रबंधक अखिलेश कुमार ओझा कीआईडी पासवर्ड का उपयोग करते हुए 2726 लोगों का प्रधानमंत्री जन-धन योजना में बचत खाता खोला है।

इनमें अधिकांश निर्वाचन कार्ड व अन्य आईडी कार्ड पर खाता खोले गए हैं, जिसमें कुछ फेक भी हो सकते हैं। संबंधित खातों का खाता ओपन फॉर्म शाखा पर उपलब्ध नहीं कराया गया। इन खातों में तमाम सरकारी योजनाओं की रकम जैसे छात्रवृत्ति, आवास, पीएम गरीब कल्याण योजना समेत तमाम मद के 105 लाख रुपये जमा हुए थे। जिसका आहरण इन दोनों ग्राहक सेवा केंद्रों के संचालक व कुछ अन्य ग्राहक सेवा केंद्रों के संचालकों के जरिए किया गया है। 2626 पीएमजेडीवाई खातों में से 609 खातों का तत्कालीन शाखा प्रबंधक के निजी अवकाश एवं सार्वजनिक अवकाश के दौरान खाता खोला गया। इससे स्पष्ट होता है कि उपरोक्त लोगों ने शाखा का विश्वास भंग करते हुए 105 लाख रुपये का गबन किया है। इस मामले में शाखा प्रबंधक ने महुली पुलिस को तहरीर दी। एसओ धर्मेंद्र सिंह ने बताया कि शाखा प्रबंधक की तहरीर पर ग्राहक सेवा केंद्र संचालक बरौली गांव निवासी इंदल और धनघटा क्षेत्र के गाईबसंतपुर निवासी राधेश्याम के खिलाफ जालसाजी का केस दर्ज किया गया। विवेचना से जो तथ्य सामने आएगा, आगे उसी के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

# GONDA POLICE

## सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-07-2021

# दहेज हत्या के दो आरोपी गिरफ्तार

**गोण्डा।** थाना कौड़िया पुलिस ने दहेज हत्या के दो आरोपियों को मुखबिर की सूचना पर गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी नवविवाहिता को दहेज को लेकर काफी समय से प्रताड़ित कर रहे थे। मांग पूरी न होने पर एक दिन गला दबाकर जान से मार दिया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज कर रखा था। मामले की जांच उपनिरीक्षक अजय कुमार पाण्डेय के नेतृत्व में चल रही है।

# मंडल में अलर्ट, नेपाल सीमा पर बढ़ाई गई चौकसी

संसू, गोंडा : अलकायदा के दो आतंकी लखनऊ में गिरफ्तार होने के बाद भारत-नेपाल सीमा पर अलर्ट घोषित कर दिया गया है। अंतर राष्ट्रीय नेपाल सीमा पर चौकसी बढ़ा दी गई है। सीमा से सटे गांवों में कड़ी निगरानी के निर्देश दिए गए हैं।

नेपाल व अयोध्या से देवीपाटन मंडल के जिलों की सीमाएं जुड़ी हुई हैं। इससे बलरामपुर, बहराइच, श्रावस्ती व गोंडा की सरहदों पर पहरा तेज कर दिया गया है। अलकायदा के दो आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद देवीपाटन परिक्षेत्र के आइजी डॉ. राकेश सिंह ने सीमा सुरक्षा बल व अन्य जांच एजेंसियों को समन्वय बनाकर निगरानी तेज करने को कहा हैं। नेपाल सीमा से सटे गांवों में पुलिस व अन्य टीमों को अलर्ट किया गया है। गांव में आने-जाने वालों पर नजर रखने को कहा गया है। कोई बाहरी अगर रह रहा हो तो उसकी पड़ताल कराई जाए। इसके साथ ही अयोध्या सीमा पर आने-जाने वालों की चेकिंग के निर्देश दिए गए हैं। आइजी ने बताया कि लखनऊ में आतंकियों की गिरफ्तारी के बाद अलर्ट जारी किया गया है। सीमा पर चेकिंग के निर्देश दिए गए हैं।

रेलवे स्टेशन, बस स्टेशन सहित सार्वजनिक स्थलों की चेकिंग के भी निर्देश जारी किए गए हैं। ट्रेन व बस से आने वालों पर भी नजर रखी जा रही है।



डॉ. राकेश सिंह, आइजी • जागरण

**निगरानी**

- **नेपाल-भारत सीमा से सटे गांवों में बढ़ी सतर्कता**
- **गांव में आने-जाने वालों पर रखी जा रही है बराबर नजर**

CS Scanned with CamScanner

# विवाहिता की मौत मामले में पति गिरफ्तार

संवादसूत्र, बेलसर (गोंडा) : शुक्रवार को बड़नापुर में एक विवाहिता संदिग्ध परिस्थितियों में गंभीर रूप से जल गई थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपित पति को गिरफ्तार कर लिया है।

थानाध्यक्ष उमरीबेगमगंज करुणाकर पांडेय ने बताया कि पीड़िता के भाई इनायत नगर थाना जनपद अयोध्या निवासी मुकेश कुमार की तहरीर पर मुकदमा किया गया था। आरोप है कि पति मनोज पाठक आए दिन उसकी बहन से व्यवसाय के लिए दो लाख रुपये की मांग करता था। इसी बात को लेकर अक्सर मारपीट करता था।

मनोज ने अपने भाई सतीश व बहन हेमा के साथ मिलकर बहन को जला दिया। पुलिस ने जान से मारने के प्रयास समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा किया था। पति मनोज को गिरफ्तार कर लिया गया है।

BALRAMPUR POLICE

उत्तर प्रदेश पुलिस

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-07-2021

## संक्षेप

# बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक हुई

महराजगंज तराई। स्थानीय थाना परिसर में बकरीद को लेकर पीस कमेटी की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता थाना प्रभारी पीएन तिवारी ने की। सोमवार को आगामी ईद उल अजहा त्योहार को देखते हुए थाना प्रभारी निरीक्षक पीएन तिवारी की ओर से थाना परिसर में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए क्षेत्रीय ग्राम प्रधान, बीडीसी व सम्मानित व्यक्तियों की बैठक बुलाई गई। उन्होंने लोगों को बताया कि ईद उल अजहा का त्योहार शांतिपूर्वक मनाया जाए। कहीं कोई अराजकता न फैलाएं, जिससे क्षेत्र का माहौल खराब हो तथा आपसी भाईचारा पर असर पड़े। इस मौके पर ग्राम प्रधान गणेश सोनी, डा. हुकुम सिंह, मुर्तजा, उत्तम दयाल, प्रधान कलाम व लक्ष्मी जायसवाल सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# आर्म्स एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार

**बलरामपुर।** थाना ललिया की पुलिस ने आर्म्स एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अभियुक्त को न्यायालय के लिए रवाना कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक थाना ललिया योगेन्द्र यादव ने बताया कि आर्म्स एक्ट का अभियुक्त न्यायालय से वांछित चल रहा था। एसपी हेमंत कुटियाल के निर्देश पर सोमवार को उप निरीक्षक रामआशीष व कांस्टेबल नवीन कुमार पांडेय क्षेत्र में चेकिंग अभियान चला रहे थे। बताया कि अभियान के दौरान एक अभियुक्त को एक अदद तमंचा 12 बोर व दो जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है।

# पशु वध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज

**गौरा चौराहा।** रविवार रात को गस्त के दौरान थाना गौरा के प्रभारी निरीक्षक ने बेलहा की ओर से आ रही एक ट्रक को चेकिंग के लिए रोका। इस दौरान ट्रक ड्राईवर ने भागने का प्रयास किया। पुलिस ने पीछा करके बिस्कोहर बार्डर पर नहर के समीप ट्रक को पकड़ लिया। चालक मौके से फरार हो गया। ट्रक में लदे चार जोड़ी गाय व तीन जोड़ी बैल बरामद किए गए हैं। निरीक्षक चन्द्रेश कुमार व वरिष्ठ उपनिरीक्षक श्रीराम यादव ने बताया कि पशु वध के लिए इन्हें लेकर जाया जा रहा था। आरोपियों के विरुद्ध गोवध अधिनियम तथा पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत किया गया है।

# ट्रक पर लदे 14 गोवंश बरामद चालक फरार, मुकदमा दर्ज

**संसू, बलरामपुर :** गौरा चौराहा थाना की पुलिस ने सेमरी पुल के पास वध के लिए ले जाए जा रहे 14 गोवंशों को ट्रक से बरामद कर लिया। ट्रक को कब्जे में लेकर गोवंशों को पशुपालकों को बांट दिया गया है।

प्रभारी निरीक्षक चंद्रेश कुमार ने बताया कि रविवार की रात गश्त पर थे। मुखबिर से सूचना मिली कि वध के लिए गोवंशों को ट्रक पर लादकर ले जाया जा रहा है। गौरा चौराहा-जैतापुर मार्ग पर ट्रक को रोक लिया गया। ट्रक पर तीन जोड़ी गाय व चार जोड़ी बैल बरामद हुए। चालक अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। गाय व बैलों को पशुपालकों के सिपुर्द कर दिया गया है। अज्ञात ट्रक चालक समेत अन्य के खिलाफ सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। टीम में वरिष्ठ उपनिरीक्षक श्रीराम यादव, आशुतोष, सरवन, रामसिंह, अवधेश व राजेंद्र कुमार शामिल रहे।



गौरा चौराहा थाना की पुलिस ने सेमरी गांव के पास ट्रक से बरामद किया गोवंश ● जागरण

# तमंचा सहित एक गिरफ्तार

**ललिया :** पुलिस ने एक अदद देशी तमंचा व दो जिंदा कारतूस के साथ हैदर निवासी झागीडीह को गिरफ्तार किया है। प्रभारी निरीक्षक उपेंद्र कुमार यादव ने बताया कि महराजगंज तराई मार्ग पर मुसाहवा नाले के पास आरोपित को पकड़ा गया है।(संसू)

BAHRAICH POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-07-2021

# हमजापुरा में 36 लाख की चरस बरामद

**बहराइच।** दरगाह थाने की पुलिस ने हमजापुरा रेलवे लाइन किनारे आ रहे एक संदिग्ध को धर दबोचा। उसके पास से चरस की खेप बरामद की है। अन्तरराष्ट्रीय बाजार में बरामद चरस की कीमत 36 लाख आंकी गई है। गिरफ्तार तस्कर को जेल भेज दिया गया है।

दरगाह थाने में तैनात वरिष्ठ उपनिरीक्षक फिरोज अहमद को सोमवार की मध्याह्न भनक लगी कि हमजापुरा में किसी तस्कर की गतिविधियों को देखा गया है। पुलिस टीम ने तलाश शुरू की। हमजापुरा रेलवे लाइन के किनारे आ रहे एक संदिग्ध को रोककर ली। उसके पास से 1.200 किग्रा नेपाली चरस बरामद की गई। गिरफ्तार आरोपी की पहचान इसरायल उर्फ आमिर के रूप में हुई।

# पथराव रोकने गई पुलिस पर हमला

**बहराइच।** एक युवक रविवार रात एक महिला के घर पर पथराव कर रहा था। पीड़िता ने यूपी डायल 112 को सूचना दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो हमलावर उन पर भी हमलावर हो गए। पुलिस उसे पकड़ कर थाने लाई। उसके विरुद्ध केस दर्ज कर लिया गया है।

बौंड़ी थाने के एक गांव में रविवार की रात गुजौली कलां निवासी लल्लन सिंह उर्फ अशोक कुमार एक महिला केध मकान पर पथराव कर रहे थे। लोगों ने मना किया तो उनको भी धमकाया। पुलिस हमलावर को समझाने गई लेकिन उल्टे उसने पुलिस कर्मियों की शर्ट पकड़ कर हमलावर हो गया।

## लगभग 30 से 40 प्रति

## चरस संग तस्कर गिरफ्तार

**बहराइच** : दरगाह थानाध्यक्ष अमित तिवारी व एसआइ त्रिलोकीनाथ मौर्या ने हमजापुरा रेलवे क्रासिंग के पास से इसराइल उर्फ आमिर निवासी मंसूरगंज को गिरफ्तार कर उसके पास से 1.2 किलो चरस बरामद की है। उसके खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेज दिया। (संसू)

## आरोपित गिरफ्तार

**बहराइच** : बौंडी थानाध्यक्ष मनोज कुमार राय ने थाने में दर्ज सरकारी कार्य में बाधा डालने के आरोपित लल्लन सिंह उर्फ अशोक कुमार निवासी गुजौली कला को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपित को पुलिस ने न्यायालय भेज दिया। (संसू)

# दिल्ली गए युवक के अपहरण का राजफाश

**संसू, नवाबगंज :** दिल्ली कमाने गए युवक के अपहरण कांड का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। छह माह पूर्व अपहृत हुए युवक दिनेश कुमार को पुलिस ने बरामद कर स्वजन को सौंप दिया है। युवक दिल्ली से गायब हो गया था। उसके पिता ज्वाला प्रसाद ने नवाबगंज थाने में कुछ लोगों के खिलाफ अपने पुत्र के अपहरण की तहरीर दी थी, लेकिन पुलिस ने मामला नहीं दर्ज किया था। न्यायालय के हस्तक्षेप के बाद नवाबगंज थाने में अपहरण का मुकदमा पुलिस ने पंजीकृत किया था। तभी से युवक की तलाश पुलिस कर रही थी।

जिला श्रावस्ती के थाना मल्हीपुर के ग्राम माल्ही गांव निवासी दिनेश कुमार अपने साथियों के साथ दिल्ली कमाने गया था। वह नवाबगंज थाना क्षेत्र के करीमुल्लापुर गांव का रहने वाला था। कुछ दिनों बाद दिल्ली



पुलिस के साथ दिनेश कुमार ● जागरण

## कामयाबी

- खंभे में बांधकर युवक के पिटाई का वीडियो हुआ था वायरल
- छह माह पूर्व गायब युवक को पुलिस ने बरामद कर स्वजन को सौंपा

में किसी बात को लेकर दिनेश की साथियों के साथ अनबन हो गई। उसके साथियों ने उसे खंभे में बांध कर पीटा, जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। वायरल वीडियो में कुछ लोग खंभे में बांधकर पीटते दिख रहे थे। उसके बाद से युवक गायब था। युवक के पिता ने नवाबगंज थाने में ग्राम पंचायत धर्मनगर के मजरा करीमुल्लापुर निवासी कुछ लोगों पर बेटे का अपहरण कर उसकी हत्या कर शव को गायब कर देने का आरोप लगाते हुए तहरीर दी। पुलिस ने मामला नही दर्ज किया। तीन फरवरी 2021 को कोर्ट के हस्तक्षेप के बाद अपहरण का मुकदमा पुलिस ने दर्ज किया। थाना प्रभारी प्रमोद कुमार त्रिपाठी ने बताया कि रविवार को सूचना मिली की दिनेश ग्राम पंचायत सतीजोर के बाबागंज-मल्हीपुर मार्ग पर नूरी चौराहे के पास घर जाने के लिए बैठा है। एसआइ आरके चंद्रा, कांस्टेबल प्रदीप, प्रमोद पाल की टीम ने मौके पर जाकर युवक को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई के बाद उसके उसके स्वजन को सौंप दिया।

# जमुनहा बॉर्डर से रोज प्रवेश कर रहे पांच हजार नेपाली

संवाद न्यूज एजेंसी

**रुपईडीहा (बहराइच)।** कोरोना संक्रमण की रफ्तार इस समय थमी हुई है। इसको देखते हुए नेपाली कामगार भारत के विभिन्न प्रांतों में रोजगार के लिए निकल रहे हैं। जमुनहा बॉर्डर से प्रतिदिन लगभग पांच हजार यात्री विभिन्न प्रांतों के लिए जा रहे हैं। जहां पर सभी रोजगार की तलाश करेंगे। इन लोगों के साथ महिलाएं व बच्चे भी जा रहे हैं। एसएसबी द्वारा जांच के बाद इन्हें भारतीय सीमा में प्रवेश दिया जा रहा है।



नेपाल से आने वालों की हुई चेकिंग। -संवाद

नेपाल के काफी संख्या में श्रमिक भारत के विभिन्न प्रदेशों में रोजगार करते हैं। कोरोना संक्रमण के चलते सभी अप्रैल माह में अपने देश लौट आए थे। लेकिन अब देश के विभिन्न प्रांतों में संक्रमण की रफ्तार काफी कम हो गई है। ऐसे में नेपाल के श्रमिक रोजगार के लिए उत्तराखंड, गुजरात, दिल्ली, मुंबई, तमिलनाडु, आंध्रप्रदेश समेत अन्य प्रांतों के लिए प्रतिदिन हजारों की संख्या में रवाना हो रहे हैं। नेपाल के बांके जिला अंतर्गत जमुनहा बॉर्डर से प्रतिदिन लगभग पांच हजार की संख्या में लोगों का आवागमन भारत की सरजमीं से विभिन्न प्रांतों के लिए हो रहा है।

भारत-नेपाल सीमा के जमुनहा, गौरीफंटा और गद्दा चौकी के रास्ते नेपाली नागरिक देश में प्रवेश कर रहे हैं। इसको देखते हुए सीमा पर एसएसबी ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। एसएसबी के जवान सीमा पर नेपाली नागरिकों की गहनता से जांच के बाद प्रवेश दे रहे हैं। जिनमें नागरिकों की बैग व अन्य सामानों की तलाशी ली जा रही है। एक अधिकारी ने बताया कि लगभग पांच हजार यात्री भारतीय सीमा में प्रवेश कर रहे हैं। इन नागरिकों के साथ महिलाएं और छोटे बच्चे भी हैं।

**डग्गामार वाहनों से कर रहे यात्रा**

भारत-नेपाल सीमा पार करने वाले नेपाली यात्रियों को जल्दी और कम किराया में पहुंचाने का प्रलोभन देकर डग्गामार वाहन संचालक उन्हें वाहन में बैठा लेते हैं। इसके बाद सभी अधिक किराया की वसूली कर उन्हें गंतव्य के लिए रवाना करते हैं। पुलिस और एआरटीओ के साथ रोडवेज विभाग मूकदर्शक बना रहता है।

# SHRAWASTI POLICE

# सराहनीय कार्य दिनांक:- 13-07-2021

# आबकारी टीम की छापेमारी में शराब और लहन बरामद

**श्रावस्ती | संवाददाता**

जिले में अवैध शराब के निर्माण व बिक्री पर अंकुश लगाने को लेकर जिलाधिकारी टीके शिबु के निर्देशन में आबकारी टीम की ओर से छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत सोमवार को टीम ने तेंदुवा बरांव में छापेमारी कर अवैध कच्ची शराब व भारी मात्रा में लहन बरामद किया। बरामद लहन को मौके पर ही नष्ट कराया गया साथ ही एक आरोपी के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में मामला दर्ज किया गया।

जिला आबकारी अधिकारी पीके गिरि ने बताया कि जिलाधिकारी के निर्देशन में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि सोमवार को आबकारी निरीक्षक क्षेत्र तीन अरविन्द कुमार सिंह व मल्हीपुर पुलिस की संयुक्त टीम की ओर से मल्हीपुर थाना क्षेत्र के ग्राम तेंदुआ में दबिश दी गई। इस दौरान टीम ने गांव निवासी अमृता देवी पत्नी ननके तथा रूपा पत्नी लालमणि के घर में छापेमारी कर 10 लीटर कच्ची शराब व 250 किलोग्राम तैयार लहन बरामद किया है। बरामद शराब को जब्त कर लिया गया साथ ही लहन को मौके पर नष्ट करा दिया गया। आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम की धारा 60 के तहत मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि रुपये कमाने की लालसा में कुछ लोग नैतिकता को भूल लोगों को अवैध कच्ची शराब के रूप में जहर परोस रहे हैं। इससे शराब के शौकीनों की स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अवैध शराब कारोबारियों के विरुद्ध यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। शराब पीने वाले लोगों को भी इस जहरीली शराब से बचना चाहिए। ये स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाती है।

# अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने पर जोर दिया

**सैनिक सम्मेलन**

**श्रावस्ती | संवाददाता**

पुलिस लाइन सभागार में रविवार को सैनिक सम्मेलन के साथ ही अपराध गोष्ठी का आयोजन हुआ। गोष्ठी में पुलिस कर्मियों की समस्याएं जानी गई और उसके निराकरण का मातहतों का निर्देशित किया गया। इसके अलाला अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने का आवश्यक निर्देश दिया गया।

गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य ने सबसे पहले पुलिसकर्मियों की समस्याएं सुनीं और उनका निस्तारण करने का मातहतों को निर्देश दिया। गोष्ठी में उन्होंने सभी थानेदारों से कहा कि अवैध कच्ची शराब के निर्माण, भंडारण, परिवहन, बिक्री पर प्रभावी नियंत्रण लगाएं जाय, चोरी व लूट की घटनाओं की रोकथाम को रात्रि गश्त व क्षेत्र भ्रमण किया जाय। उन्होंने लंबित जनशिकायत व आईजीआरएस प्रार्थना पत्रों की गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करने को कड़े निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने साम्प्रदायिक भावना भड़काने वालों व असामाजिक तत्वों पर कार्रवाई करने तथा छोटी से छोटी बातों को संज्ञान में लेने का निर्देश दिया। एसपी ने लंबित विवेचनाओं, विशेषकर अनावरित अभियोगो के निस्तारण, वांछित अभियुक्तों, इनामिया, जिलाबदर, एनबीडब्ल्यू के विरूद्ध अभियान चलाकर गिरफ्तारी करने व शातिर अपराधियों के विरुद्ध गुण्डा व गैंगेस्टर की की कार्रवाई का निर्देश दिया। उन्होंने बालिकाओं व महिलाओं के विरूद्ध होने वाले अपराधों पर प्रभावी कार्रवाई करने, एंटी रोमियो टीम की ओर से अभियान को निरंतर जारी रखने के साथ ही वाहन चेकिंग के दौरान आम जनता से अच्छा बर्ताव करने को कहा। एसपी ने जिले में शस्त्र लाइसेंस धारकों का सत्यापन शत-प्रतिशत कराने तथा भूमि विवाद के मामले में प्राप्त प्रार्थना-पत्रों में राजस्व टीम के साथ मौके पर जाकर निस्तारण कराने का निर्देश दिया।

# उत्कृष्ट कार्य के लिए पुलिस अधिकारी और कर्मचारी सम्मानित

**श्रावस्ती।** रविवार को पुलिस अधीक्षक अरविन्द कुमार मौर्य की अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसमें त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव सकुशल सम्पन्न कराने व शांति व्यवस्था बनाये रखने में सफल रहे अधिकारियों व कर्मचारियों को सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी भिनगा हौसिला प्रसाद, प्रतिसार निरीक्षक विनोद कुमार सिंह, प्रभारी डीसीआरबी योगेंद्र राय, निरीक्षक प्रज्ञान राकेश चंद्र, निरीक्षक विमलेंद्र कुमार प्रभारी क्राइम ब्रांच, निरीक्षक केके यादव प्रभारी एएचटीयू को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इसी तरह प्रभारी न्यायालय सुरक्षा आरके शुक्ला, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक विनीता चतुर्वेदी, प्रभारी वन स्टॉप सेंटर शीला यादव, विनय कुमार, आदि को भी प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया।

# छापेमारी में 55 लीटर कच्ची शराब बरामद

**संसू, श्रावस्ती:** आबकारी विभाग विशेष प्रवर्तन अभियान चला रहा है। इसके तहत भिनगा व मल्हीपुर क्षेत्र के गांवों में छापेमारी कर 55 लीटर कच्ची शराब बरामद कर साढ़े पांच क्विंटल लहन नष्ट कराया गया।

जिला आबकारी अधिकारी पीके गिरि ने बताया कि आबकारी निरीक्षक अब्दुल कैस ने अपने साथी अनिल कुमार वर्मा, नरेंद्र कुमार, गौरव कुमार, अखिलेश कुमार यादव व भिनगा कोतवाली के उपनिरीक्षक अनिल कुमार दीक्षित के साथ उल्लाहवा गांव में दबिश दी। इस दौरान उर्मिला के घर से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। आरोपित मौके से फरार हो गए। शिवराजा के घर से 15 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। बैरागीजोत गांव में राजितराम के कब्जे से 10 लीटर कच्ची शराब बरामद हुई। घर की तलाशी में 10 डिब्बों में लगभग 300 किलोग्राम लहन बरामद कर मौके पर नष्ट कराया गया। शराब बनाने के उपकरण नलका, भभका, चूआनी, बटुली बरामद हुआ। इसी प्रकार तेंदुआ गांव में दबिश देकर अमृता देवी व रूपा के घर से 10 लीटर कच्ची शराब व 250 किलोग्राम तैयार लहन बरामद किया गया। आरोपितों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत कार्रवाई की गई है।

# अवैध दवा दुकानों के खिलाफ चलेगा अभियान

**भिनगा :** भिनगा एसडीएम राजेश कुमार मिश्र ने बताया है कि जिले में अवैध रूप से चल रहे मेडिकल स्टोर व नर्सिंग होम के विरुद्ध अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए अधिकारियों की टीमें बनाई गई है। इस दौरान बिना के लाइसेंस के दुकान चलते मिलने पर मुकदमा दर्ज कराया जाएगा। (संसू)

# वन्यजीव तस्करी पर अंकुश को लेकर वन विभाग अलर्ट

**संवाद सूत्र, बिछिया (बहराइच) :** वन्यजीव तस्कर व वन माफिया पर अंकुश को लेकर वन महकमा अलर्ट हो गया है। सोमवार को वन बैरियरों पर वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया।

प्रभागीय वनाधिकारी आकाशदीप बधावन के निर्देश पर कतर्नियाघाट वन्यजीव प्रभाग में वन बैरियरों पर कर्मियों ने वाहनों की सघन चेकिंग की। मिहींपुरवा से बिछिया आने-जाने वाले वाहनों की तलाशी ली गई। मोतीपुर, बेलछा, हसुलिया, निशानगाड़ा व बिछिया बैरियर पर कर्मी मुस्तैद रहे।

फील्ड डायरेक्टर दुधवा नेशनल पार्क संजय कुमार पाठक ने बताया कि ऑपरेशन सफाया के तहत विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वन्यजीव तस्करी व वन अपराधों में वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी की जा रही है।

# दस लीटर कच्ची शराब के साथ दो गिरफ्तार

**श्रावस्ती।** जिलाधिकारी टीके शिबु के निर्देश पर सोमवार को विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इस दौरान आबकारी निरीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने मल्हीपुर थाना प्रभारी दद्दन सिंह के साथ ग्राम तेंदुआ में छापा मारा।

टीम ने अमृता देवी व रूपा के घर से दस लीटर कच्ची शराब व ढाई क्विंटल लहन बरामद की। बरामद लहन को पुलिस ने ग्रामीणों के समक्ष मौके पर नष्ट करा दिया। साथ ही गिरफ्तार लोगों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम में कार्रवाई की गई। (संवाद)



तेंदुआ गांव में छापे के बाद लहन को बाहर निकालते लोग। -संवाद

# शांति भंग में दस दबोचे

**श्रावस्ती।** जिला पुलिस ने रविवार रात विशेष अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने दस लोगों को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार किया। जिनके विरुद्ध आवश्यक कार्रवाई कर उन्हें संबंधित एसडीएम के समक्ष पेश किया गया। वहीं पुलिस ने सोमवार को विभिन्न चेकपोस्ट व बैरियर पर चेकिंग अभियान चलाया। इस दौरान पुलिस ने 30 वाहनों का ई-चालान किया। इस मौके पर पुलिस ने 52,500 रुपये शमन शुल्क भी वसूल किया। (संवाद)